RNI .NO. MPBIL / 2013/ 54381

संपादकः- डॉ. देवेन्द्र मालवीय

11 वर्ष

# दैनिक सद्भावना पाती

...प्राणियों में सद्भावना हो...

www.sadbhawnapaati.com Email: sadbhawnapaatinews@gmail.com इंदौर, मंगलवार ●16 अप्रैल , 2024 वर्षः-11 अंक- 348 मूल्य -1 रु. कुल पृष्ठ - 8



# अयोध्या में रामनवमी पर 20 घंटे दर्शन देंगे रामलला

**● सुबह 3.30 बजे से एंट्री, 4 दिन तक बंद रहेंगे वीआईपी दर्शन ● 15 लाख लोग पहुंचेंगे अयोध्या,100 जगह लगाई जाएगी स्क्रीन**

**अयोध्या (एजेंसी)।** अयोध्या में रामनवमी के दिन रामलला का दरबार श्रद्धालुओं के लिए 20 घंटे खुला रहेगा। मंगला आरती के बाद ब्रह्म मुहूर्त में 3.30 बजे से रामलला के दर्शन शुरू होंगे। श्रद्धालुओं को रात 11 बजे तक मंदिर में प्रवेश कराया जाएगा। दर्शन के बीच रामलला का अभिषेक और श्रृंगार भी चलता रहेगा। इस दिन करीब 15 लाख श्रद्धालुओं के देश-विदेश से अयोध्या पहुंचने का अनुमान है। श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के महासचिव चंपत राय ने सोमवार को प्रेस कॉन्फ्रेंस में बताया कि रामलला की श्रृंगार आरती सुबह 5 बजे होगी। दर्शन और सभी पूजन पहले जैसा चलता रहेगा। भगवान को भोग लगाने के लिए समय-समय पर थोड़ी देर के लिए पर्दा लगाया जाएगा। अन्य दिनों राम मंदिर में श्रद्धालु 6.30 बजे से रात 9.30 बजे तक दर्शन करते हैं। रामनवमी के दिन राम मंदिर 5 घंटे ज्यादा खुला रहेगा। रामनवमी पर भीड़ उमड़ने के कारण 16 से 19 अप्रैल तक



सुगम दर्शन पास, वीआईपी दर्शन पास, मंगला आरती पास, श्रृंगार आरती पास, शयन आरती पास नहीं बनेंगे। यानी किसी भी तरह के पास जारी नहीं किए जाएंगे। 16 से 19 अप्रैल तक सभी विशेष सुविधाएं निरस्त रहेंगी। ऑनलाइन बुकिंग भी नहीं होगी। पहले से बने पास निरस्त किए जा रहे हैं। चंपत राय ने कहा- रामनवमी को रात 11 बजे के बाद अगर मंदिर के बाहर ज्यादा संख्या में श्रद्धालु रहेंगे, तो समय बढ़ाकर उन्हें दर्शन कराने पर विचार किया जा सकता है। दर्शनों के बाद रामलला को भोग लगाया जाएगा और शयन आरती होगी। शयन आरती के बाद भक्तों को निकास मार्ग पर प्रसाद मिलेगा। श्रद्धालु अपना मोबाइल,जूता-चप्पल,बड़े बैग और प्रतिबंधित सामान जितना दूर रखकर आएंगे,दर्शन में उतनी ही सुविधा होगी। चंपत राय ने कहा- राम मंदिर के प्रवेश द्वार पर ट्रस्ट की ओर से श्रद्धालुओं के लिए हेल्प कैंप बनाया गए हैं।

## संक्षिप्त समाचार

### आठवां दिवस



### महागौरी

महागौरी का अर्थ है – वह रूप जो कि सौन्दर्य से भरपूर है, प्रकाशमान है – पूर्ण रूप से सौंदर्य में डूबा हुआ है। प्रकृति के दो छोर या किनारे हैं – एक मां कालरात्रि जो अति भयावह, प्रलय के समान है, और दूसरा मां महागौरी जो अति सौन्दर्यवान, देदीप्यमान, शांत है – पूर्णत: करुणामयी, सबको आशीर्वाद देती हुई। यह वो रूप है, जो सब मनोकामनाओं को पूरा करता है।

## मायावती इंडिया से ज्यादा एनडीए को पहुंचा रहीं नुकसान!

● यूपी की 13 सीटों पर हो सकता है 'खेला'

लखनऊ (एजेंसी)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को सत्ता से बेदखल करने के लिए देश भर के विपक्षी दल एकजुट हो चुके हैं। इंडिया गठबंधन के सहारे विपक्षी दल मोदी नेतृत्व वाले एनडीए को रोकना चाहते हैं। इसी क्रम में बहुजन समाज पार्टी समेत कई दल अकेले दम पर चुनाव लड़ रहे हैं। बसपा अपनी तैयारियों में जुटी हुई है। बसपा इस चुनाव में एकला चलो के रास्ते पर चल कर किसको सबसे ज्यादा नुकसान करेगी, ये बड़ा सवाल बना हुआ है। राजनीतिक गलियारों में चर्चा है कि बसपा इंडिया गठबंधन को नुकसान पहुंचा सकती है। लेकिन 4 बार यूपी की मुख्यमंत्री रहीं मायावती ने अपनी शतरंजी चाल से बीजेपी के लिए भी मुश्किलें खड़ी कर दी हैं। यूं कहें तो मायावती ने पीएम मोदी एक बार फिर सत्ता में आने से रोकने के लिए पूरी रणनीति तैयार कर ली है। माया ने 13 सीटों पर जबरदस्त दांव चला है।

## प्रियंका की बांदीकुई में जनसभा, बोलीं, क्या आप अंधे हो गए हैं

बांदीकुई (एजेंसी)। कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी ने कहा कि शुरू में पीएम नरेंद्र मोदी की इच्छा थी कि कुछ करेंगे, लेकिन 10 साल में इतनी बड़ी बातें करने के बाद रोजगार नहीं है, महंगाई बढ़ रही है, वादा पूरा नहीं कर पाए। इसलिए मुझे लगता है कि उनकी बातें हल्की पड़ रही हैं। एक वीडियो देखा होगा कि इनके सांसद अलग-अलग प्रदेशों में कहने लगे हैं कि



जब हमारी सरकार आएगी तो हम संविधान को बदलेंगे। मंच पर मोदीजी संविधान की बात करते हैं, लेकिन अपने लोगों से कहते हैं कि जाओ और बोलो कि संविधान बदलेंगे। प्रियंका सोमवार दोपहर दौसा जिले के बांदीकुई के मुकरपुरा बाइपास पर कांग्रेस प्रत्याशी मुरारी लाल मीणा के समर्थन में चुनावी सभा को संबोधित किया। उन्होंने कहा- चंदा मामा दूर के, खूब खाए पूर के ; खुद सोने की थाली में खाए, जनता को टूटी प्याली में खिलाया।

**तिरुवनंतपुरम में बोले मोदी-**

# कांग्रेस-लेफ्ट का अब सिर्फ नाम बचा

## आज केरल की चर्चा राजनैतिक हिंसा और अपराधों के लिए होने लगी है



**पलक्कड़/तिरुवनंतपुरम (एजेंसी)।** प्रधानमंत्री मोदी सोमवार को केरल और तमिलनाडु के दौरे पर थे। दोपहर में तिरुवनंतपुरम अटिंगल पहुंचे। यहां उन्होंने कहा कि लेफ्ट और कांग्रेस का केवल नाम ही बचा है। दोनों का केवल नाम ही बचा है। जनता ने दोनों को रिजेक्ट कर दिया है। केरल की जनता आज इसी पीड़ा से गुजर रही है। आज केरल की चर्चा राजनैतिक हिंसा और अपराधों के लिए होने लगी है। कल दिल्ली में भाजपा ने अपना संकल्प पत्र जारी किया है। भाजपा का संकल्प पत्र यानी मोदी की गारंटी है। मोदी की गारंटी में भारत विश्वस्तरीय संरचना का केंद्र बनेगा। मोदी की गारंटी में भारत अंतरिक्ष के क्षेत्र में गगनयान जैसी स्मरणार्थ उपलब्धि हासिल करेगा। मोदी की गारंटी में पीएम किसान सम्मान निधि का पैसा किसानों को मिलना जारी रहेगा और इन सब के साथ ही गरीबों के लिए 3 करोड़ नए घर भी बनेंगे।

70 साल के ऊपर के हर नागरिक को मुफ्त इलाज की सुविधा मिलेगी। यानी भाजपा के विकास दृष्टिकोण में केरल के हर वर्ग और हर समाज के लिए एक व्यापक रोडमैप मौजूद है। बीजेपी सरकार ने पहले भी देश में स्कैम के 17 हजार करोड़ रुपए लोगों को वापस कराए हैं। को-ऑपरेटिव के पीड़ितों को आश्वासन देता हूं कि स्कैम का पूरा आपको वापस मिले, इसके लिए पूरा ताकत लगा दूंगा। केरल के पर्यटन में काफी संभावनाएं हैं। हम वैश्विक पर्यटकों को अपनी विरासत से जोड़ने के लिए प्रतिबद्ध हैं। हम अपनी विरासत को विश्व विरासत के पैमाने पर ले जाने का संकल्प लेते हैं। भाजपा केरल में बड़े पर्यटन स्थलों का विकास सुनिश्चित करेगी। हम केरल में इको-पर्यटन के नए केंद्र स्थापित करेंगे।

# मुख्यमंत्री ने दिग्विजय को बताया सबसे बड़ा रामद्रोही

**● राजगढ़ में कहा-उन्होंने जिंदगीभर वोट के लिए हिंदू-मुस्लिम को लड़ाया**

**भोपाल।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने पूर्व सीएम और राजगढ़ लोकसभा सीट से कांग्रेस प्रत्याशी दिग्विजय सिंह को सबसे बड़ा रामद्रोही बताया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि दिग्विजय सिंह ने जिंदगीभर हिंदू और मुस्लिमों को लड़ाने का काम किया और वोट का रास्ता ढूंढा है। सीएम डॉ. मोहन यादव सोमवार को राजगढ़ में बीजेपी की नामांकन रैली को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा- सबसे बड़े रामद्रोही जो हर जगह रंग बदलकर बात कर रहे हैं। सुसनेर में आकर राम मंदिर और संघ की तारीफ कर रहे हैं। अरे, संघ की इतनी तारीफ करते हो तो आ जाओ शाखा में। स्वागत है आपका। कौन रोक रहा है आपको। आपको केवल वोट लेना है। ये डुप्लीकेट नहीं चलेंगे। असली रंग में आना पड़ेगा। सीएम ने आगे कहा- सुप्रीम कोर्ट के फैसले के बाद भी आपको इस बात का दुख है कि मंदिर क्यों बन रहा है। आपके मन में पाप है।




## कमलनाथ के बंगले पर पहुंची पुलिस, पीए पर केस दर्ज

● भाजपा प्रत्याशी का फर्जी अश्लील वीडियो वायरल कराने का आरोप, 30 लाख का दिया प्रलोभन

**भोपाल।** कमलनाथ के पीए आरके मिगलानी और एक पत्रकार के खिलाफ पुलिस ने फर्जी अश्लील वीडियो वायरल करने के आरोप में केस दर्ज किया है। इस मामले में मिगलानी से पूछताछ करने के लिए पुलिस कमलनाथ के शिकारपुर स्थित बंगले पर पहुंची। मिगलानी से पूछताछ कर पुलिस लौट आई है। यह कार्रवाई छिंदवाड़ा लोकसभा सीट से भाजपा प्रत्याशी विवेक बंटी साहू की शिकायत पर की गई है। बंटी साहू का आरोप है कि कमलनाथ के पीए आरके मिगलानी और निजी चैनल के वीडियो जर्नलिस्ट ने अन्य पत्रकारों को मेरा एक फर्जी वीडियो वायरल करने के लिए 30 लाख रुपए का प्रलोभन दिया था। विवेक बंटी साहू ने इससे जुड़ी बातचीत का एक वीडियो जारी किया है। छिंदवाड़ा एसपी मनीष खत्री ने बताया कि आरके मिगलानी और सचिन गुप्ता के खिलाफ केस दर्ज किया है।



# केजरीवाल की रिहाई पर सुप्रीम कोर्ट से राहत नहीं

**ईडी को 24 अप्रैल तक देना होगा जवाब, अगली सुनवाई 29 को**

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** शराब घोटाले के आरोप में जेल में बंद दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की ओर से सुप्रीम कोर्ट में की गई अपील को स्वीकार कर लिया गया है। सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को सुनवाई के बाद केजरीवाल की अपील पर ईडी को नोटिस भेजा गया है। हालांकि सुप्रीम कोर्ट ने केजरीवाल को चुनाव प्रचार के लिए कोई राहत नहीं दी है। इस मामले में अगली सुनवाई 29 अप्रैल को होगी। सुप्रीम कोर्ट ने ईडी से 24 अप्रैल तक तमाम सवालों का जवाब देने को कहा है। वहीं केजरीवाल को 27 अप्रैल तक ईडी के जवाब पर प्रति उत्तर देना होगा। अरविंद केजरीवाल की ओर से दायर याचिका की सुनवाई जस्टिस संजीव खन्ना और दीपांकर दत्ता की बेंच में हो रही है। सुनवाई के दौरान केजरीवाल के वकील और वरिष्ठ कांग्रेस नेता अभिषेक मनु सिंघवी ने कई बातें कहनी चाही, जिसमें प्रमुख यह था कि केजरीवाल को लोकसभा चुनाव में अपने प्रत्याशियों के लिए प्रचार करना है, पार्टी के लिए प्रत्याशी चयन में भी उनके सलाह की जरूरत है। इस पर कोर्ट ने कहा कि वह अपनी दलील 29 अप्रैल को होने वाली बहस के लिए बचाकर रखें। साथ ही सिंघवी लोकसभा चुनाव को देखते हुए इस मामले की सुनवाई में तेजी लाने की अपील की, इसपर कोर्ट ने कहा कि 29 अप्रैल से पहले का समय नहीं दिया जा सकता है। पिछले दिनों केजरीवाल को हाई कोर्ट से निराशा हाथ लगी थी। हाई कोर्ट ने ईडी की गिरफ्तारी को सही ठहराते हुए दिल्ली के सीएम को राहत देने से मना कर दिया था। हाईकोर्ट ने कहा था, यह केंद्र सरकार और केजरीवाल के बीच का मसला नहीं है।



## प्रदेश के कई जिलों में ओले और आंधी का अलर्ट

● जबलपुर-छिंदवाड़ा समेत 12 जिलों में बारिश के आसार; रायसेन में भीगा गेहूं

**भोपाल।** मध्य प्रदेश में बारिश का दौर सोमवार को भी जारी रहा। मौसम विभाग ने मंगलवार को सिवनी और सागर में दोपहर बाद आकाशीय बिजली के साथ ओले और आंधी का अलर्ट जारी किया है। जबलपुर, भिंड, छिंदवाड़ा, विदिशा समेत 12 जिलों में हल्की बारिश का अनुमान जताया है। इसके बाद मौसम साफ हो जाएगा। दिन के टेम्प्रेचर में 2 से 3 डिग्री तक की बढ़ोतरी हो सकती है। एक सप्ताह बाद फिर से एक वेस्टर्न डिस्टरबेंस (पश्चिमी विक्षोभ) एक्टिव हो सकता है। वैज्ञानिक प्रमेंद्र कुमार ने बताया कि वेस्टर्न डिस्टरबेंस (पश्चिमी विक्षोभ), साइक्लोनिक सर्कुलेशन और ट्रफ लाइन की वजह से प्रदेश में स्ट्रॉन्ग सिस्टम एक्टिव रहा। इस वजह से तेज आंधी चली, ओले गिरे और बारिश भी हुई। सोमवार को भी सिस्टम का असर रहेगा, लेकिन अब यह कमजोर हो गया है। इस कारण कुछ जिलों में ही हल्की बारिश होने का अनुमान है। **सबसे ज्यादा बारिश अशोकनगर जिले के चंदेरी में-** मध्य प्रदेश में पिछले 24 घंटे के दौरान अशोकनगर, श्योपुरकलां, शिवपुरी, बैतूल, दमोह, बालाघाट, सागर, टीकमगढ़, मंडला, छतरपुर, शहडोल और सिवनी के 21 शहर और कस्बों में बारिश हुई।






# रेलवे से बदबूदार टॉयलेट्स की जल्द होगी छुट्टी!

**आसान होगा आपका सफर, रेलवे ने मुंबई के स्टार्टअप से मिलाया हाथ**

नई दिल्ली (एजेंसी)। ट्रेन में सफर आपने कभी किया होगा तो आप इस बात की पीड़ा समझ पा रहे होंगे। भारतीय रेल की ट्रेन चाहे वंदे भारत एक्सप्रेस हो, राजधानी एक्सप्रेस हो, शताब्दी एक्सप्रेस हो या कोई अन्य ट्रेन। ट्रेन का टॉयलेट आपको बदबूदार ही मिलेगा। जिस स्टेशन से ट्रेन रवाना होती है, वहां भले ही टॉयलेट साफ-सुथरे मिले, लेकिन थोड़े समय में ही वे गंदे और बदबूदार हो जाते हैं। चलती ट्रेन में कभी-कभार टॉयलेट की सफाई भले ही हो जाती है, लेकिन बदबू दूर नहीं होती। लेकिन रेलवे बोर्ड ने तकनीक का लाभ उठा कर टॉयलेट्स की बदबू दूर करने का प्रयास कर रहा है।

एक रिपोर्ट के अनुसार, भारतीय रेलवे का लक्ष्य प्रौद्योगिकी का लाभ उठाकर ट्रेनों में बदबूदार और गंदे शौचालयों की समस्या का समाधान करना है। पिछले कुछ सालों में यूं तो ट्रेन के डिब्बों में खूब सुधार हुए हैं लेकिन टॉयलेट की गंदगी और बदबू को दूर करने के प्रयास में सफलता नहीं मिली। इस समय रेल मदद पोर्टल और ऐप पर जितनी शिकायतें मिल रही हैं, उनमें ज्यादातर टॉयलेट्स से ही जुड़ी होती हैं। इन टॉयलेट्स का अभी तक कोई इंतजाम नहीं हो पाया है। रिपोर्ट के अनुसार, रेलवे बोर्ड ट्रेन के शौचालयों में दुर्गंध या बदबू का पता लगाने के लिए इंटरनेट ऑफ थिंग्स या आईओटी पर आधारित तकनीक के उपयोग पर विचार कर रहा है। इस प्रोजेक्ट के लिए मुंबई के एक स्टार्टअप विलिसो टेक्नोलॉजीज को चुना जा चुका है। अब यह कंपनी कुछ वीआईपी ट्रेन्स के कोचों से करेगा। उन कोचों के टॉयलेट्स में इस तकनीक को आजमाया जाएगा। बताया जाता है कि ट्रेन के शौचालयों में दुर्गंध का पता लगाने के लिए सेंसर से लैस स्मार्ट सिस्टम विकसित किया जा रहा है। ये सेंसर हवा में अस्थिर यौगिकों और अणुओं की पहचान कर सकते हैं। वहां से प्राप्त सूचनओं को विश्लेषण के लिए सेंट्रल हब या लैब में भेज सकते हैं। इस विश्लेषण के आधार पर, स्वचालित प्रतिक्रियाएं शुरू की जा सकती हैं, जैसे दुर्गंध का पता चलने पर सफाई कर्मचारियों को सफाई के लिए सचेत करना। यह वास्तविक समय की निगरानी तेजी से हस्तक्षेप और बेहतर गंध नियंत्रण को सक्षम बनाती है। रेलवे अधिकारियों का कहना है कि पहले जर्मन टेक्नोलॉजी वाले एलएलबी कोच और परंपरागत आईसीएफ कोच वाली कुछ ट्रेनों का चयन किया जाएगा। इनमें वीआईपी ट्रेनें भी होंगी और खूब भीड़-भाड़ वाली ट्रेनें भी। इसके साथ ही वंदे भारत एक्सप्रेस के स्लीपर वैरिएंट पर भी इस तकनीक का परीक्षण किया जाएगा। विलिसो टेक्नोलॉजीज बेहतर स्वच्छता के लिए आईओटी-आधारित उत्पाद पेश करता है। इसके प्रोडक्ट एंड सर्विसेज में , जिसमें गंधवेध नाम का एक इलेक्ट्रॉनिक डिवाइस भी शामिल है, जो गंध, टोटल वोलेटाइल ऑर्गेनिक कंपाउंड , तापमान और आर्द्रता की निगरानी करता है।



# जिला निर्वाचन अधिकारी दुबे ने बरेली में मतदान दलों के प्रशिक्षण का किया निरीक्षण

**होशंगाबाद संसदीय क्षेत्र में शामिल उदयपुरा विधानसभा में 26 अप्रैल को होगा मतदान**



**रायसेन (निप्र)।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री अरविंद दुबे द्वारा रविवार को उदयपुरा विधानसभा के शासकीय पॉलीटेक्निक कॉलेज समनापुर जागीर बरेली में मतदान दलों को दिए जा रहे प्रशिक्षण का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान पुलिस अधीक्षक श्री विकास शहवाल भी साथ रहे। उल्लेखनीय है कि संसदीय क्षेत्र 17-होशंगाबाद में शामिल रायसेन जिले के उदयपुरा विधानसभा क्षेत्र में 26 अप्रैल को मतदान सम्पन्न होना है। जिला निर्वाचन अधिकारी श्री दुबे ने मतदानकर्मियों से कहा कि वह मतदान प्रक्रिया को सूक्ष्मता से जाने तथा किसी भी प्रकार की जिज्ञासा या संशय होने पर उसका समाधान प्राप्त करें। उन्होंने कहा कि स्वतंत्र एवं निष्पक्ष निर्वाचन में मतदान दलों की महत्वपूर्ण भूमिका होती है, इसके लिए मतदान दलों को निर्वाचन प्रक्रिया से भली भांति अवगत होना आवश्यक है। सभी मतदान कर्मी निर्वाचन आयोग द्वारा जारी दिशा-निर्देशों का गहन अध्ययन कर लें, जिससे कि मतदान प्रक्रिया सम्पन्न कराने में किसी प्रकार की कठिनाई ना हो। जिला निर्वाचन अधिकारी ने कहा कि मतदान के पूर्व की तैयारियों से लेकर मतदान दिवस तथा मतदान का समय समाप्त होने के पश्चात मतपत्र लेखा तैयार करनें की जानकारी तक से अवगत होना आवश्यक है। मतदान दल में तैनात सभी शासकीय सेवक ईव्हीएम संचालन का पर्याप्त अभ्यास कर लें। कलेक्टर श्री दुबे ने प्रशिक्षण स्थल पर चिकित्सा दल की भी ड्यूटी लगाए जाने पर प्रशंसा की। मास्टर ट्रेनर्स द्वारा प्रशिक्षणार्थियों को मतदान दल के कर्तव्य एवं उत्तरदायित्व, मतदान केंद्र पर एक दिन पूर्व होने वाली कार्यवाही, मतदान के पूर्व की तैयारी एवं मॉक पोल, मतदान की पूर्व तैयारी एवं मॉक पोल, मॉक पोल का क्रम, मॉक पोल के दौरान मशीनों का परिवर्तन, मॉक पोल के पश्चात मशीनों की सीलिंग, वास्तविक मतदान प्रारंभ, मतदान केन्द्र में प्रवेश के लिये अनुमति धारक व्यक्ति, मतदान केंद्र पर मतदाताओं के प्रवेश का विनिमय, मतदान केंद्र और आस-पास निर्वाचन विधि का प्रवर्तन, मतदान प्रक्रिया, मतदान के दौरान की विशेष स्थितियां, बैटरी का विस्थापन, मतदान समाप्ति पर कार्यवाही, निर्वाचन अभिलेख तैयार करना एवं पैकिंग, किंग, बुकलेट प्रपत्र आदि की जानकारी देते हुए प्रशिक्षण दिया गया।

## संक्षिप्त समाचार

### खरबई एसएसटी चेक प्वाइंट पर 03 लाख रु जप्त



**रायसेन , (निप्र)।** जिले में सांची विधानसभा अंतर्गत खरबई स्थित एसएसटी चैक प्वाइंट पर एसएसटी टीम द्वारा जांच के दौरान राजेश सिंह आत्मज राजपाल सिंह निवासी साकेत नगर भोपाल से 03 लाख रु नगदी जप्त किए गए। राजेश सिंह द्वारा उक्त राशि को वाहन क्रमांक एमपी04 ईबी 6374 में भोपाल से रायसेन की ओर ले जाया जा रहा था। राजेश सिंह द्वारा राशि के संबंध में स्पष्ट जानकारी नहीं दिए जाने पर नियमानुसार कार्यवाही की जा रही है।

### लोकसभा निर्वाचन में मतदान प्रतिशत बढ़ाने जिले में आयोजित की जा रही मतदाता जागरूकता गतिविधियां



**रायसेन , (निप्र)।** लोकसभा आम निर्वाचन-2024 में जिले में अधिक से अधिक मतदान के लिए कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री अरविंद दुबे के निर्देशानुसार स्वीप प्लान के तहत सम्पूर्ण जिले में मतदाता जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। जिसके तहत गतिविधियां आयोजित की जा रही हैं। जिले के ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों में मतदाता जागरूकता गतिविधियों में रैली, चित्रकला, रंगोली, पोस्टर, मानव श्रृंखला आदि के माध्यम से लोकसभा आम निर्वाचन में अधिक से अधिक मतदान का संदेश दिया जा रहा है। उल्लेखनीय है कि द्वितीय चरण में होशंगाबाद संसदीय क्षेत्र में शामिल जिले के उदयपुरा विधानसभा क्षेत्र में 26 अप्रैल को मतदान होगा। इसी प्रकार तृतीय चरण में विदिशा संसदीय क्षेत्र में शामिल जिले के विधानसभा क्षेत्र सांची, सिलवानी तथा भोजपुर में 07 मई 2024 को मतदान होगा।

### 10 साल पुराने आधार 14 जून तक फ्री में होंगे अपडेट

**सीहोर, (निप्र)।** जिस भी नागरिक का आधार कार्ड बने 10 साल हो गए हैं तो उसे अपना आधार कार्ड अनिवार्य रूप से अपडेट करवाना होगा। इसके लिए केंद्र सरकार ने फ्री में अपडेट कराने की सुविधा 14 जून तक दी है। इसके बाद भी अगर आधार कार्ड अपडेट नहीं करते हैं तो कई तरह की योजनाओं के लाभ से हाथ धोना पड़ सकता है। आधार अपडेट कराने के लिए लोगों के पास 2 महीने का समय शेष है। इसके बाद इसके लिए शुल्क लिया जाएगा। इसके लिए लोग ऑनलाइन आधार अपडेट करा सकते हैं।

### नेशनल लेवल साइंस चैलेंज : 8वीं-10वीं के छात्रों को मौका

**सीहोर, (निप्र)।** सीबीएसई ने साइंस चैलेंज की शुरुआत की है। दो चरणों में होने वाले इस चैलेंज में 8वीं से 10वीं तक के स्टूडेंट्स शामिल हो सकेंगे। छात्रों की सोचने और समझने की क्षमता को मजबूत करने के लिए सीबीएसई यह चैलेंज आयोजित कर रहा है। इसे लेकर बोर्ड ने स्कूलों को सर्कुलर जारी किया है। सीबीएसई के प्लेटफार्म पर साइंस चैलेंज अप्रैल से मई तक होगा। इसमें भाग लेने के लिए कोई फीस नहीं है। प्रोग्राम 2 राउंड में होगा। पहले राउंड में सभी छात्र भाग ले पाएंगे, जो स्कूल में आयोजित होगा। दूसरा राउंड इंटर स्कूल लेवल पर होगा। इसमें स्कूल अपने 6 विद्यार्थियों का रजिस्ट्रेशन करवा सकेंगे। पहले चरण के लिए स्कूलों को 19 अप्रैल तक छात्रों की संख्या की जानकारी साइंस पोर्टल पर देनी होगी। 24 अप्रैल को स्कूलों में साइंस चैलेंज का पेपर मिलेगा। प्रश्न एमसीक्यू फार्मेट में होंगे।

### सोने में 1350 रुपए प्रति 10 ग्राम की बढ़ोतरी

**सीहोर, (निप्र)।** सोने और चांदी के भाव में तेजी का दौर अब भी बना हुआ है। बीते दिन की अपेक्षा सोना में 1350 रुपए प्रति 10 ग्राम की बढ़ोत्तरी हुई। ऐसे में शनिवार को सोना 74 हजार 350 रुपए प्रति 10 ग्राम बिका। यह अब तक के रिकार्ड भाव हैं।



## एसएसटी टीम वाहनों की जांच में पूरी सतर्कता बरते : अपर कलेक्टर

**विदिशा (निप्र)।** अपर कलेक्टर श्री अनिल कुमार डामोर ने रविवार को एसएसटी टीमों के कार्यों का औचक निरीक्षण किया । अपर कलेक्टर श्री डामोर ने कल्लू ढाबा के पास की एसएसटी टीम द्वारा जांच कार्य ठीक से नहीं करने पर पूरी टीम को शोकाज नोटिस जारी करने के निर्देश दिए हैं। अपर कलेक्टर श्री डामोर ने आज एसएसटी टीम के तीन स्थलों क्रमशः उदयगिरि , विदिशा सांची रोड़ पर कल्लू ढाबा के समीप बनाए गए जांच पांइट के अलावा शमशाबाद के ग्राम सलैया में तैनात एसएसटी टीम के कार्यों का जायजा लिया है। उन्होंने उपरोक्त तीनों स्थलों पर दलों के सदस्यों को वाहनों की जांच पड़ताल कैसे करें व वीडियो रिकॉर्डिंग कैसे कराएं इत्यादि के संबंध में आवश्यक दिशा निर्देश ही नहीं दिए बल्कि अपने समकक्ष वाहनों की जांच कराई है।

## स्वीप गतिविधियों का आयोजन सतत जारी




**विदिशा , (निप्र)।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री बुद्धेश कुमार वैद्य के मार्गदर्शन तथा जिला पंचायत सीईओ व स्वीप के जिला नोडल अधिकारी डॉ योगेश भरसट के निर्देशन में जिले में मतदाता जागरूकता हेतु स्वीप गतिविधियों का आयोजन सतत जारी है। विदिशा जिले में मतदान प्रतिशत बढ़े और जिला सर्वाधिक मतदान वाला जिला बने इस उद्देश्य से आज जिले में विविध प्रकार की स्वीप गतिविधियों का आयोजन हुआ। पिछला वर्ग पोस्ट मैट्रिक कन्या छात्रावास की छात्राओं ने विदिशा नगर के मतदाताओं को मतदान के लिए अभिप्रेरित करने के उद्देश्य से डोर-टू-डोर संपर्क कर मतदाताओं को तिलक लगाकर व पुष्प बरसा करने के साथ-साथ पीले चावल बांटकर मतदान दिवस 7 मई 2024 को अपने नियत किए गए मतदान केंद्र पहुंचकर मतदान करने के लिए आमंत्रित किया है। ग्राम पंचायत उनारसी ताल, सरवरपुर और सतपाड़ा सराय में दीवार लेखन के माध्यम से मतदाताओं को जागरूक किया गया है। सतपाड़ा सराय में शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के विद्यार्थियों तथा विद्यालयीन स्टाफ ने मतदाता जागरूकता की शपथ का वाचन किया है। साथ ही हाई स्कूल शहरवासा, ग्राम देहरी में मतदाता जागरूकता की शपथ और रैली समेत अन्य कार्यक्रम आयोजित हुए हैं। साथ ही साथ जिले के विभिन्न शासकीय विद्यालयों में छात्राओं द्वारा मतदाता जागरूकता पर आधारित विभिन्न प्रकार की रंगोलिया सजाकर भी मतदाताओं को मतदान के लिए अभिप्रेरित किया गया है।

### मानव श्रृंखला से संदेश

मतदाता जागरूकता कार्यक्रम अंतर्गत आज शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सिरोंज, हाई स्कूल कस्बाताल, ग्राम सौंठिया, सतपाड़ा सराय और आमखेड़ा सूखा में मानव श्रृंखला बनाकर मतदाता जागरूकता के संदेशों का प्रसारण किया गया है। इस दौरान मतदाता जागरूकता की शपथ का वाचन भी उपस्थित सभी के द्वारा किया गया है।

### सामुदायिक भोज में शामिल होने पर उम्मीदवार का खर्च जुड़ेगा

**सीहोर(निप्र)।** चुनाव लड़ने वाला अभ्यर्थी मतदाताओं से मिलने के लिए किसी भी सामुदायिक भोज या लंगर में शामिल होता है तो ऐसे सामाजिक समारोह पर किया गया खर्च अभ्यर्थी के निर्वाचन व्यय के रूप में माना जाएगा। इसे उसके निर्वाचन व्यय लेखा में जोड़ा जाएगा। आयोग ने कहा है कि निर्वाचकों से मिलने के लिए आयोजित किए जाने जाने वाले ऐसे सामुदायिक भोज के कार्यक्रम भले ही किसी नाम से बुलाए गए हों अथवा खुद अभ्यर्थी या किसी अन्य व्यक्ति द्वारा ही क्यों न आयोजित किए गए हों यदि अभ्यर्थी उसमें भाग लेता है तो इस पर होने वाले खर्च को अभ्यर्थी के निर्वाचन व्यय में शामिल किया जाएगा। निर्वाचन आयोग ने यह भी स्पष्ट किया है कि यह निर्देश धार्मिक समुदायों द्वारा अपने संस्थानों के अंदर प्रथागत तौर पर आयोजित लंगर, भोज या कोई समारोह जैसे शादी, मृत्यु आदि के सामान्य भोज पर लागू नहीं होगा।



## फुटबाल प्रशिक्षण : टीम ग्रीन ने ब्लू को 2-1 से हराया

**सीहोर (निप्र)।** चर्च मैदान पर 8 साल से लेकर 16 साल तक के फुटबाल खिलाड़ियों के लिए निशुल्क प्रशिक्षण शिविर आयोजित किया जा रहा है। इसके साथ ही आगामी दिनों में होने वाले अंडर-20 नेशनल फुटबाल प्रतियोगिता के लिए करीब 40 खिलाड़ी हर दिन प्रैक्टिस कर रहे हैं। शनिवार को यहां हुए मैच में टीम ग्रीन ने ब्लू टीम को 2-1 से हराया। शनिवार शाम को दो सीनियर टीमों के बीच मैच खेला गया। जिसमें टीम ग्रीन ने टीम ब्लू को 2-1 से हराया। इस कांटे के मुकाबले में दोनों ही टीम हाफ तक शून्य के स्कोर पर थीं। लेकिन ब्लू की ओर से अनुराग ने एक गोल से बढ़त दिलाई। कुछ समय बाद ग्रीन के स्ट्राइकर खिलाड़ी नारायण मोहतो ने स्कोर को बराबरी पर ला दिया। वहीं मैच के अंतिम समय पर ग्रीन के खिलाड़ी यासिर ने एक शानदार गोल कर अपनी टीम को विजय दिलाई। इस मौके पर जिला फुटबाल एसोसिएशन के सचिव मनोज कन्नौजिया सहित बड़ी संख्या में फुटबाल प्रेमी खिलाड़ियों के उत्साहवर्धन के लिए मौजूद थे।

### जप्तशुदा चावल 109.35 क्विंटल का विक्रय के लिए खुली नीलामी 23 अप्रैल, को

**सीहोर , (निप्र)।** अनुविभागीय अधिकारी राजस्व आष्टा ने जानकारी दी कि प्रकरण क्र.8 एवं प्रकरण क्र 13 में न्यायालय कलेक्टर सीहोर द्वारा पारित आदेश के तहत जप्तशुदा चावल 88.85 एवं 20.50 क्विंटल कुल 109.35 क्विंटल की खुली नीलामी के माध्यम से विक्रय किया जाना है। इच्छुक व्यक्ति दिनांक 23 अप्रैल 2024 को समय दोपहर 12 बजे MPWLC कार्यालय शासकीय गोदाम क्रमांक 04 पानी की टंकी के पास कन्नौद रोड आष्टा में उपस्थित होकर भाग ले सकते है।विस्तृत जानकारी एवं शर्तें के लिए खाद्य शाखा तहसील आष्टा, जिला सीहोर में कार्यालयीन दिवसों में दोपहर 2 बजे से शाम 5 बजे तक प्राप्त कर सकते है एवं अनुविभागीय अधिकारी राजस्व आष्टा के कार्यालय के नोटिस

## वाहनों की जांच पड़ताल कार्यवाही जारी

**विदिशा (निप्र)।** कलेक्टर श्री बुद्धेश कुमार वैद्य के द्वारा दिए गए निर्देशों के अनुपालन में आज जिला परिवहन अधिकारी श्री गिरिजेश वर्मा ने महानीम चैराहा एवं सिरोंज में वाहनों की जांच-पड़ताल कर नियमों को पालन नहीं करने वाले वाहन चालकों के विरुद्ध चालानी कार्यवाही की गई है। जिला परिवहन अधिकारी श्री वर्मा ने बताया कि उक्त कार्यवाही के दौरान 94 वाहन नियम विरुद्ध चलते पाए जाने के कारण उनके विरुद्ध चालानी कार्यवाही की जाकर उनमें से 89 वाहनों से शमन शुल्क 80 हजार रुपये वसूल किया गया है जबकि शेष 05 अन्य वाहन प्रकरण निराकरण की प्रत्याशा में जप्त कर पुलिस थाना शमशाबाद एवं सिरोंज में सुरक्षार्थ रखे गए हैं। कार्यवाही में विशेष रूप से वाहनों में पात्रता से अधिक सवारी होने, भारवाही वाहनों में सवारी ढोने एवं वाहनों में वैध प्रपत्र ना होने तथा वाहन में अनुग्येय सीमा के बाहर माल भरे होने के संबंध में साथ ही वाहनों में नियमानुसार नंबर प्लेट लगी ना होने, अवैध रूप से हूटर लगे होने पर कार्यवाही की गई। जिले में वाहन चेकिंग की कार्यवाही निरंतर जारी रहेगी। इस दौरान लोकसभा निर्वाचन 2024 हेतु सेक्टर मजिस्ट्रेट, राजस्व अधिकारियों के लिए आवश्यक बुलेरो, स्कार्पिओ आदि छोटे वाहनों को अधिग्रहित किए जाने हेतु 70 वाहनों को जारी अधिग्रहण आदेश तामिल कराए गए हैं।

### अवैध रेत परिवहन करते गोदड़ी के पास ट्रैक्टर-ट्रॉली पकड़ी

**हरदा(निप्र)।** पुलिस द्वारा अवैध रेत का परिहवन करते शनिवार को एक ट्रैक्टर-ट्रॉली पर कार्रवाई कर जब्त कर ली गई। करताना चौकी प्रभारी रिपुदमन सिंह राजपूत ने बताया शनिवार को अवैध रेत परिवहन की सूचना मिली। टीम ने कार्रवाई करते हुए गोदड़ी में सागौन वाली पुलिया के पास रेत से भरी आयशर ट्रैक्टर-ट्रॉली पकड़ी। उसके चालक नयागांव निवासी ललित पिता अचनसिंह राजपूत 24 साल से जब रेत की रॉयल्टी व परिवहन के संबंध में वैध दस्तावेज मांगें गए तो नहीं दे पाया। प्रकरण दर्ज कर ट्रैक्टर-ट्रॉली जब्त कर चौकी में खड़ी की गई।

## एसएसटी एवं एक्सपेंडिचर मॉनिटरिंग के लिए कलेक्टर संबंधित अधिकारियों को दिये निर्देश



**सीहोर , (निप्र)।** भारत निर्वाचन आयोग द्वारा जारी दिशा निर्देशों के तहत जिले में निर्वाचन क्षेत्र संसदीय क्षेत्र 18-विदिशा के अन्तर्गत विधानसभा क्षेत्र बुधनी एवं इछावर और संसदीय क्षेत्र 19-भोपाल के अन्तर्गत सीहोर में सभी एसएसटी पॉइंट पूर्ण रूप से सक्रिय रखने के कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री प्रवीण सिंह ने सभी संबंधित अधिकारियों कों निर्देश दिये गये है। उन्होंने सभी संबंधित अधिकारियों कों निर्देश दिये कि वे एसएसटी प्रभारी एवं पुलिस अधिकारी ड्यूटी के अनुसार अनिवार्य रूप से उपस्थित रहकर निर्देशानुसार कार्य संपादित करें और सभी पॉइंट्स पर वाहन चेकिंग का रजिस्टर, और रिपोर्टिंग प्रारूप अनिवार्य रूप से उपलब्धता के साथ ही और प्रभारी अधिकारियों को क्या करना है क्या नहीं करना है अर्थात एसओपी की पुरी जानकारी होना अनिवार्य है। एसओपी की प्रति प्रत्येक एसएसटी प्वाइंट्स पर उपलब्ध रहे। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री सिंह ने कहा कि गत विधानसभा निर्वाचन की तरह प्रत्येक एसएसटी पर बैनर, फ्लेक्स अनिवार्य रूप से लगा होना चाहिए। सहायक रिटर्निंग ऑफिसर के कार्यालय में एक्सपेंडिचर मॉनिटरिंग टीम पूरी गंभीरता एवं सक्रियता के साथ कार्य करें। उन्होंने कहा कि व्यय लेखा दल निर्धारित फॉर्मेट रजिस्टर लेखा संधारण एवं रिपोर्टिंग का कार्य सुनिश्चित करें। उन्होंने विभिन्न प्रकार की अनुमतियां ऑनलाइन उपलब्धता के निर्देश दिए हैं। इसके साथ ही वीवीटी, वीएएसटी सक्रिय रहना चाहिए और संभी संबंधित अधिकारी निर्वाचन कार्य के दौरान पूरी मुस्तैदी से कार्य संपादित करें।

# अभ्यर्थियों के व्यय पर सतत निगरानी रखें - व्यय प्रेक्षक



**विदिशा , (निप्र)।** संसदीय क्षेत्र क्रमांक 18 विदिशा के लिए नियुक्त व्यय प्रेक्षक श्री मेहुल भारत जैन ने आज विदिशा जिले में अभ्यर्थियों के व्यय पर निगरानी रखने हेतु किए गए प्रबंधो की समीक्षा की। वन विभाग रेस्टहाउस में आयोजित इस समीक्षा बैठक में अपर कलेक्टर श्री अनिल कुमार डामोर, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री प्रशांत चैबे, संयुक्त कलेक्टर श्रीमती शशि मिश्रा, विदिशा एसडीएम व सहायक रिटर्निंग आफीसर श्री क्षितिज शर्मा, तहसीलदार डॉ अमित सिंह, लायजिंग आफीसर व वन विभाग के एसडीओ श्री विजय मौर्य, सहायक आबकारी अधिकारी श्री मुकेश मौर्य के अलावा एमसीएमसी, व्हीएसटी सहित अन्य प्रकोष्ठो के नोडल अधिकारी भी मौजूद थे। व्यय प्रेक्षक श्री जैन ने अभ्यर्थियों को विभिन्न प्रकार की दी जा रही अनुमति स्थलों पर आयोजित होने वाले कार्यक्रमों पर व्यय की सतत निगरानी रखी जाए इसी प्रकार उन्होंने सोशल मीडिया के विभिन्न प्लेटफार्मो पर निगरानी रखने के संबंध में आवश्यक निर्देश दिए है। अपर कलेक्टर श्री अनिल कुमार डामोर ने बैठक आयोजन के पूर्व संसदीय क्षेत्र 18 विदिशा के अंतर्गत आने वाली दोनो विधानसभा क्रमशः विदिशा व बासौदा में अभ्यर्थियों के व्यय लेखा पर निगरानी रखने, जांच पड़ताल करने के लिए किए गए प्रबंधो के साथ-साथ विभिन्न स्थलों पर जांच पड़ताल करने हेतु नियुक्त व्हीएसटी के अलावा अन्य स्थलों पर जांच पड़ताल के लिए किए गए प्रबंधो से अवगत कराया है। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री प्रशांत चैबे ने सुरक्षा के दृष्टिकोण और जांच पड़ताल के लिए विधानसभावार किए गए प्रबंधो पर प्रकाश डाला है। प्रेक्षक श्री जैन को एमसीएमसी के माध्यम से पैड न्यूज की निगरानी के लिए किए गए प्रबंधो पर भी गहन प्रकाश डालते हुए अवगत कराया गया है। व्यय प्रकोष्ठ के नोडल अधिकारियों के द्वारा मॉनिटरिंग की व्यवस्था व आयोग को निर्धारित प्रपत्रो में प्रेषित की जाने वाली जानकारियां के संबंध में भी जानकारी दी गई है। प्रेक्षक श्री जैन ने आयोग को प्रेषित किए जाने वाले प्रपत्रो में समयावधि का विशेष ध्यान रखा जाए। उन्होंने कहा कि जो प्रपत्र हर रोज प्रेषित किए जाने है उनको भेजने में विलम्बता ना हो। कार्यवाही व जप्ती संबंधी प्रकरणों में हरेक बिन्दु की स्पष्ट जानकारी अंकित की जाए। उपरोक्त बैठक में दोनो विधानसभाओं से संबंधित तैयारी फोल्डरो की प्रतियां अपर कलेक्टर द्वारा प्रदाय की गई है।

## प्रशिक्षण में अनुपस्थित रहें सेक्टर ऑफीसरों को शोकाज नोटिस जारी

**विदिशा , (निप्र)।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री बुद्धेश कुमार वैद्य ने लोकसभा निर्वाचन 2024 अंतर्गत सेक्टर ऑफिसर एवं सेक्टर पुलिस ऑफीसरों के संयुक्त प्रशिक्षण कार्यक्रम में अनुपस्थित रहने वाले 09 सेक्टर ऑफीसरों को शोकाज नोटिस जारी किए है। कलेक्टर श्री वैद्य के द्वारा जारी आदेश में उल्लेख है कि जिले की पांचो विधानसभाओं के जिन 09 सेक्टर ऑफीसरों को अनुपस्थित रहने पर शोकाज नोटिस जारी किए गए हैं उनमें विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 144 विदिशा के लिए नियुक्त सेक्टर ऑफिसर एवं एकीकृत बाल विकास विभाग की परियोजना अधिकारी जयंती वाला, पीएचई के अनुविभागीय अधिकारी अमर दाहिया, पशु चिकित्सा अधिकारी डॉ आरबी बघेल शामिल हैं। इसके अलावा विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 145 बासौदा के लिए नियुक्त सेक्टर अधिकारी एवं कृषि महाविद्यालय बासौदा के उपयंत्री नितिन भारती, आईटीआई बासौदा के प्रशिक्षण अधिकारी संजीव कुमार अहिरवार एवं कृषि महाविद्यालय बासौदा के सहायक प्राध्यापक डॉ राज मोहन शर्मा शामिल हैं। विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 146 कुरवाई के लिए नियुक्त सेक्टर अधिकारी एवं एकीकृत बाल विकास कुरवाई की परियोजना अधिकारी फिरदोस अख्तर राईन, विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 147 सिरोंज के लिए नियुक्त सेक्टर अधिकारी एवं आईटीआई लटेरी प्राचार्य राजश्री तिवारी तथा विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 148 शमशाबाद के लिए नियुक्त सेक्टर अधिकारी एवं वन परिक्षेत्र अधिकारी शमशाबाद श्रीमती संगीता अमलदास शामिल है।

## दुकानदार को बातों में उलझाकर सोने की अंगूठी ले गई महिला

**इंदौर।** खरीदी के बहाने आई महिला अंगूठी लेकर फरार हो गई। परदेशीपुरा थाना पुलिस ने महिला के खिलाफ केस दर्ज किया है। फरियादी रजनीकांत काटकर की महाराष्ट्रीयन ज्वेलर्स के नाम से नंदानगर में दुकान है। महिला ने अंगूठी पहनी और कर्मचारी युवराज को बातों में उलझा कर फरार हो गई। महिला के जाने के बाद अंगूठी की गिनती की तो एक कम निकली। इसके बाद सीसीटीवी फुटेज देखे तो महिला की चोरी पकड़ में आ गई। पुलिस सीसीटीवी फुटेज से महिला की तलाश कर रही है।

## ऑनलाइन सट्टा लगाते तीन सटोरियों को क्राइम ब्रांच ने पकड़ा

**इंदौर।** क्राइम ब्रांच ने सट्टे के अड्डे पर छापा मारा। इस दौरान ऑनलाइन सट्टा लगा रहे तीन सटोरियों को पकड़ा। आरोपित अनिल वाधवानी कुंजवन कालोनी केसरबाग रोड, पवन महाजन मानवता नगर और शुभम मुनावत बापिया थाना महिद्पुर हैं। पुलिस ने आरोपितों से सात मोबाइल, एक लैपटॉप, कैश और करोड़ों का हिसाब बरामद किया है।

## नशीली गोलियों के साथ तस्कर गिरफ्तार

**इंदौर।** नारकोटिक्स विंग ने नशीली गोलियों की खरीद-फरोख्त में शामिल तस्कर को गिरफ्तार किया है। दवा कारोबारियों से जुड़े होने का शक है, जो बाहर से थोक में गोलियां मंगवाकर तस्करों को सप्लाई करते हैं। डीआइजी (नारकोटिक्स) महेशचंद्र जैन के मुताबिक, आरोपित राहुल ठाकरे निवासी लेक पैलेस कालोनी है। उससे पुलिस को 525 गोलियां और प्रतिबंधित सिरप की शीशी मिली हैं।

## पुलिसकर्मी की वर्दी फाड़ने वाला बदमाश गिरफ्तार

**इंदौर।** खजराना चौराहे पर पुलिसकर्मी के साथ मारपीट करने और वर्दी फाड़ने वाला गुंडा का बेटा खजराना थाने से गाड़ी लेकर भाग निकला था। पुलिस ने देर रात उसे घर से गिरफ्तार कर लिया। उसके खिलाफ शासकीय कार्य में बाधा सहित कई धाराओं में केस दर्ज किया गया है।

रविवार रात को खजराना चौराहे पर सूबेदार ब्रजलाल अजनार के साथ आरक्षक विकास शर्मा ड्यूटी पर तैनात थे। वहां हूटर बजाते एक व्यक्ति गाड़ी से पहुंचा। पुलिस ने रोका तो उसने आरक्षक के साथ मारपीट की और वर्दी फाड़ दी। इस पर पुलिस उसे खजराना थाने ले गई, लेकिन वहां वह मूंछ पर ताव देता रहा और नेतागीरी करता रहा। जब कार्रवाई चल रही थी इसी दौरान वह थाने से गाड़ी लेकर भाग गया। एडीसीपी अमरेंद्रसिंह ने बताया कि आरक्षक की रिपोर्ट पर आरोपी करणदीप सिंह धालीवाल निवासी राजेंद्र नगर के खिलाफ शासकीय कार्य में बाधा, मारपीट सहित कई धाराओं में केस दर्ज किया गया है। वह सोंटा का बेटा है, जो भंवरकुआं क्षेत्र का बदमाश है। पुलिस ने देर रात उसे घर से गिरफ्तार कर गाड़ी भी जब्त कर ली।

## शहर में जलसंकट, सुधार कार्यो में हो रही लापरवाही

**इन्दौर।** पिछले 15 दिनों के अंतराल में जलूद में तीन बार लाइन फूटने की बड़ी घटनाएं हुई हैं, जिसके कारण इन्दौर में दो से चार दिनों तक पानी सप्लाय प्रभावित हुआ है। अभी भी यही स्थिति है और आज तडके पांच बजे सुधार कार्य शुरू हो पाया, जिससे शहर में 14 टंकियां खाली रहीं। निगम ने चार सौ से ज्यादा अफसरों और कर्मचारियों की तैनाती जलूद में की है, ताकि लाइनें फूटने पर वहां सुधार कार्य तेजी से हो सके। फिर भी शहर में जलसंकट बना रहता है। सुधार कार्य के चलते आज भी शहर में जलप्रदाय प्रभावित हुआ। नर्मदा प्रोजेक्ट के अधिकारियों के मुताबिक अन्नपूर्णा, द्रविड़ नगर, सदर बाजार, छत्रीबाग, सुभाष चौक, अगरबत्ती काम्प्लेक्स, नरवल, लोकमान्य नगर, राजमोहल्ला, गांधी हाल, भक्त प्रहलाद नगर, स्कीम 103, कुशवाह मोहल्ला, महाराणा प्रताप नगर की टंकियां पूरी तरह खाली रहीं, जबकि कई अन्य क्षेत्रों की टंकियां कहीं आधी-अधूरी भर पाई और लोग पानी के लिए परेशान होते रहे। कल बरखेड़ा में धमाके के साथ लाइन फूटने के बाद पानी सप्लाय प्रभावित हुआ था और पंप बंद करना पड़े थे। कई लोगों के घरों में हुए नुकसान की भरपाई के लिए तहसीलदार ने रिपोर्ट तैयार की है और निगम अफसरों का कहना है कि संबंधितों को मुआवजा दिया जाएगा।

## मतदान बूथों की बिजली व्यवस्था संभालेंगे 2000 से अधिक अधिकारी कर्मचारी

इंदौर। भारत निर्वाचन आयोग द्वारा मतदान बूथों पर संपूर्ण व्यवस्था करने के आदेश के मद्देनजर मप्र पश्चिम क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी ने भी प्रभावी तैयारी की है। कंपनी ने मालवा-निमाड़ क्षेत्र यानी इंदौर और उज्जैन के मुख्य अभियंताओं को लोकसभा चुनाव के मद्देनजर बूथों की समीक्षा करने के निर्देश दिए है। कंपनी के करीब 520 इंजीनियरों समेत दो हजार कर्मचारी इस व्यवस्था को संभालेंगे। कंपनी क्षेत्र यानी इंदौर-उज्जैन संभाग में करीब अठारह हजार पांच सौ बूथ हैं।मध्यप्रदेश पश्चिम क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी इंदौर के प्रबंध निदेशक अमित तोमर ने बताया कि मतदान बूथों पर बिजली वितरण के लिए इंदौर व उज्जैन के मुख्य अभियंताओं समेत सभी 15 जिलों के अधीक्षण अभियंता, 55 डिविजनों के कार्यपालन अभियंता अपने इलाके के बूथों की संपूर्ण व्यवस्थाएं कराएंगे।इसके साथ ही जोन, वितरण केंद्रों पर पदस्थ 450 सहायक अभियंता, कनिष्ठ अभियंता भी बूथों की बिजली व्यवस्था की समीक्षा करेंगे, यदि दूरदराज के किसी बूथ पर स्थाई बिजली कनेक्शन नहीं है, तो वहां अस्थाई कनेक्शन प्रदान किया जाएगा। तोमर ने बताया कि सभी 15 अधीक्षण अभियंताओं एवं 55 कार्यपालन अभियंताओं को संबंधित जिला निर्वाचन अधिकारी एवं रिटर्निंग अधिकारियों से सतत तालमेल बनाए रखने के निर्देश दिए है, ताकि बूथों पर भारत निर्वाचन आयोग के आदेशानुसार व्यवस्थाएं सुनिश्चित की जा सके।तोमर ने बताया कि 520 इंजीनियरों के अलावा करीब 1500 अन्य कर्मचारी, लाइनमैन, परीक्षण सहायक, सुपरवाइजर आदि भी सेवाएं देंगे। बूथों पर संबंधित इलाके के लाइनमैन के मोबाइल नंबरों की सूचना भी लगाएंगे, ताकि आवश्यकता होने पर लाइनमैन बूथ पर जल्द से जल्द उपस्थित हो सके। मतदान केंद्र बनने वाले ऐसे स्कूल, सार्वजनिक भवन जहां स्थाई बिजली कनेक्शन नहीं है वहां अस्थाई कनेक्शन दिया जा रहा है।

# लोकसभा चुनाव : प्रत्याशियों को देश- विदेश में चल- अचल संपत्तियों की जानकारी शपथ पत्र में देनी होगी

**इंदौर।** लोकसभा चुनाव लड़ने वाले प्रत्याशियों को नामांकन के साथ शपथ पत्र जमा करना होगा। इस शपथ पत्र में उन्हें देश के साथ ही विदेश में स्थित चल-अचल संपत्ति की जानकारी भी देनी होगी। एक प्रत्याशी अधिकतम चार शपथ पत्र जमा कर सकता है। पहले शपथ पत्र में कोई जानकारी छूटने पर दूसरे शपथ पत्र में उस जानकारी का उल्लेख किया जा सकेगा। शपथ पत्र नामांकन की अंतिम तारीख के दिन तीन बजे तक जमा किया जा सकता है।लोकसभा चुनाव में उम्मीदवार को प्रारूप 26 में शपथ पत्र प्रस्तुत करना होगा। चुनाव आयोग के निर्देशानुसार शपथ पत्र में उम्मीदवार के नाम पर विदेश में कोई संपत्ति है तो विदेश में जमा राशि, अपनी चल-अचल-संपत्ति की जानकारी भी देना अनिवार्य है। शपथ पत्र में उसे अपना पैन नंबर भी देना होगा। यह शपथ उसे पब्लिक नोटरी या प्रथम श्रेणी मजिस्ट्रेट के समक्ष लेनी है। शपथ पत्र का कोई कालम भी खाली नहीं छोड़ना है।उच्चतम न्यायालय के निर्णय अनुसार यदि कोई प्रत्याशी शपथ पत्र में कोई भी कालम खाली छोड़ता है तो इस आशय की जानकारी रिटर्निंग अधिकारी सूचना द्वारा प्रत्याशी को देगा। इसके बाद भी प्रत्याशी अपने शपथ पत्र में कालम पूर्ण नहीं भरता या निर्वाचन आयोग द्वारा प्रदत्त लिस्ट अनुसार नया शपथ पत्र निर्धारित समयावधि में प्रस्तुत नहीं करता तो प्रत्याशी का नाम-निर्देशन पत्र निरस्त कर दिया जाएगा। जिला निर्वाचन अधिकारी ने राजनैतिक दलों को अवगत कराया है कि प्रत्याशी नामांकन प्रस्तुत करते समय अपने शपथ पत्र में कोई भी कालम रिक्त न छोड़ें।

# शहर में मच्छरों का कोहराम शहरवासियों की नींद हराम

इंदौर। मच्छरों की बेशुमार भरमार ने शहर के आम और मध्यमवर्गीय रहवासियों का दिन में जीना मुहाल तो रात को नींदें हराम कर रखी हैं। क्या आम, क्या खास सभी रहवासी मच्छरों के कारण परेशान हैं। इस मामले में जिला स्वास्थ्य विभाग के मलेरिया अधिकारी दौलत पटेल का कहना है कि इस साल का क्लाइमेट (वातावरण) मुफीद, यानी अनुकूल होने के कारण पिछले सालों की अपेक्षा इस साल मच्छरों की पैदावार बहुत ज्यादा है। मच्छरों के प्रजनन में अधिकता या कमी में क्लाइमेट का बहुत असर होता है। इसमें बदलाव आते रहते हैं। सालों से दवाओं के इस्तेमाल के चलते मच्छरों की इम्युनिटी इतनी बढ़ गई है कि अब उन पर कीटनाशक दवाओं का असर ज्यादा नहीं होता।

### बदल रहा है मच्छरों का पावर और मिजाज

पिछले कुछ सालों में खासकर कोरोना काल के बाद मच्छरों की प्रजातियों में भी बदलाव महसूस हो रहे हैं, जिस पर रिसर्च, यानी शोध अथवा अनुसंधान की जरूरत है। पहले मच्छर के आसपास मंडराने पर आवाज आती थी, मगर अब आवाज नहीं आती। अब उनके काटने पर ही पता चलता है कि मच्छर है। पहले अत्यधिक ठंड या सर्दी में तापमान गिरने के चलते मच्छर खत्म हो जाते थे या उनके प्रजनन में कमी आ जाती थी, मगर अब अत्यधिक ठंड का इन पर कोई असर नहीं पड़ता। मतलब पहले की अपेक्षा अब जिद्दी और अडियल प्रवृत्ति के मच्छर पनप रहे हैं। पहले की अपेक्षा अब मच्छरों का पावर और मिजाज बदलता नजर आ रहा है। मच्छरों से परेशान शहरवासियों का कहना है कि मच्छर अब इतने पावरफुल हो गए हैं कि इन पर मच्छर मारने का दावा करने वाली ऑलआउट रिफिल का भी ज्यादा असर नहीं होता, बल्कि कई बार तो हद तब हो जाती है,

जब मच्छर ऑलआउट की रिफिल पर बैठे नजर आते हैं। मच्छरों को मारने वाली क्वॉइल जरूर असर करती है, मगर उसके धुएं के कारण श्वास संबंधित दूसरी समस्याएं अथवा बीमारी का खतरा बढ़ जाता है। मच्छरों का प्रकोप इतना ज्यादा है कि शाम होते ही सिर के ऊपर सैकड़ों की तादाद में मच्छर मंडराने लगते हैं। बार-बार भगाने के बावजूद नहीं भागते। कई बार तो कहीं ठहरकर किसी से बात करना मुश्किल हो जाता है। मच्छरों की भरमार से जहां शहरवासी परेशान हैं, वहीं मच्छरदानी का व्यापार करने वालों की चांदी हो गई है। इसके अलावा मेडिकल स्टोर्स पर ओडोमॉस क्रीम की खरीदारी बढ़ गई है।

### साफ-सफाई या गंदगी से मच्छरों का कोई संबंध नही

साफ-सफाई के मामले में देश में नंबर वन शहर में मच्छरों के प्रकोप के मामले में निगम अधिकारियों का कहना है कि साफ-सफाई या गंदगी से मच्छरों का कोई संबंध नहीं है, क्योंकि अब मच्छर की कई प्रजातियां साफ-स्वच्छ, यानी घर में टंकी के साफ पानी में भी पनप जाती हैं। इसलिए इसमें हैरानी वाली कोई बात नहीं है कि देश के सबसे साफ-स्वच्छ शहर में मच्छरों की भरमार कैसे।

### नालों में हो रही गंदगी के कारण पनप रहे मच्छर

जबकि इस मामले में जागरूक लोगों का कहना है कि शहर के नालों के कारण मच्छरों की भरमार है। कान्ह और सरस्वती नदियों के शुद्धिकरण के चलते पिछले कुछ सालों में नाले गंदगी से इतने मुक्त हो गए थे कि निगम के अधिकारी नालों में क्रिकेट खेलने लगे थे, मगर अब वापस नालोंमें गंदगी जमा हो गई है। इस कारण मच्छर तेजी से पनप रहे हैं।

## लोकायुक्त इंदौर ने 50 हजार की रिश्वत लेते महिला कर्मचारी व क्षेत्रीय संयोजक जनजाती विभाग को पकड़ा

इंदौर। शिकायतकर्ता ने श्रीकृष्ण एवेन्यू में वर्ष 2015 में अपना मकान होस्टल के लिए विभाग को किराए पर दिया था। वहां जूनियर छात्रावास संचालित किया जा रहा था। फरियादी ने उस मकान को पिछले साल खाली करा लिया था, लेकिन विभाग ने बकाया 11 लाख रुपये नहीं दिए थे। इंदौर के आदिवासी विकास विभाग में छापा मारकर लोकायुक्त पुलिस ने एक महिला कर्मचारी व क्षेत्रीय संयोजक को 50 हजार रुपये की रिश्वत लेते रंगे हाथों पकड़ा। महिला ने बिना डरे नोटों की गड्डी ली और अलमारी में रख दी थी। जब लोकायुक्त पुलिस ने दफ्तर में आकर अपना परिचय दिया तो उसके चेहरे का रंग उड़ गया और वह कहने लगी कि रिश्वत मैंने नहीं ली।

बता दें कि छात्रावास के भवन की बकाया राशि व एरियर देने के एवज में महिला कर्मचारी उमा मर्सकोले ने 15 प्रतिशत राशि रिश्वत के रूप में मांगी थी। उमा को रिश्वत देने के लिए फरियादी विक्रम गेहलोत पर क्षेत्रीय संयोजक विजय जायसवाल ने दबाव बनाया था। पुलिस ने दोनों के खिलाफ केस दर्ज कर लिया। फरियाद ने श्रीकृष्ण एवेन्यू में वर्ष 2015 में अपना मकान होस्टल के लिए विभाग को किराए पर दिया था। वहां जूनियर छात्रावास संचालित किया जा रहा था। फरियादी ने उस मकान को पिछले साल खाली करा लिया था, लेकिन विभाग ने बकाया 11 लाख रुपये नहीं दिए थे। इस राशि के भुगतान के लिए जायसवाल और



मर्सकोले 15 प्रतिशत राशि की रिश्वत देने का दबाव बना रहे थे।

सोमवार को 50 हजार रुपये की राशि देना तय हुआ। फरियादी ने लोकायुक्त पुलिस को भी शिकायत की। तय रणनीति के तहत जैसे ही दोनों घूसखोर कर्मचारियों ने रिश्वत के रूप में पचास हजार रुपये लिए, तो लोकायुक्त विभाग की टीम ने दोनों को रंगे हाथों पकड़ लिया। गड्डी में केमिकल लगा हुआ था। दोनों घूसखोर कर्मचारियों के हाथ धुलवाए गए तो नोटों में लगा पीला रंग उनके हाथों से निकला। उमा ने रुपये लेकर अलमारी में रख लिए थे। लोकायुक्त पुलिस ने भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के तहत केस दर्ज कर लिया।

## खुले बोरवेल को बंद करने का काम गंभीरता से करें कलेक्टर

**इंदौर।** संभागायुक्त दीपक सिंह ने कहा है कि सभी ज़िलों में खुले बोरवेल को बंद करने का काम गंभीरता से किया जाए। कलेक्टर इसके लिए योजना बनाकर समय-सीमा में कार्य पूर्ण करें। संभागायुक्त ने गूगल मीट के ज़रिए संभाग के सभी जिला कलेक्टरों से इस संबंध में चर्चा की। बैठक में ग्रीष्मकाल में सतत् पेयजल आपूर्ति के संदर्भ में भी चर्चा की गई। इस बैठक में कलेक्टर धार प्रियंक मिश्रा ने बताया की धार ज़िले में शासकीय तंत्र के द्वारा खुले बोरवेल के संबंध में जानकारी एकत्र की गई है। तथापि यह पहल की जा रही है कि ज़िले में जहाँ कहीं भी खुले में बोरवेल होने की सूचना किसी नागरिक द्वारा दी जाएगी तो उसे पुरस्कृत भी किया जाएगा। बैठक में विभिन्न ज़िलों के कलेक्टरों ने बताया कि उनके ज़िलों में असफल नलकूप सहित खनन किए गए सभी बोरवेल की जानकारी संकलित कर ली गई है और राजस्व एवं पंचायत ग्रामीण विकास विभाग के मैदानी अमले से इस संबंध में प्रमाण-पत्र प्राप्त किए जा रहे हैं। कलेक्टर आलीराजपुर अभय बेड़ेकर ने बैठक में बताया कि उनके ज़िले में गत दिसम्बर में बोरवेल में एक बच्चे के गिरने की दुर्घटना हुई थी। इसके बाद से ही प्रशासन सतर्क होकर कार्य कर रहा है। उक्त प्रकरण में संबंधित बोरवेल के मालिक के ख़िलाफ़ पुलिस में एफ़आइआर भी दर्ज की गई थी।

## बार-बार यातायात नियमों को तोड़ने वाले वाहन चालकों के होंगे लायसेंस निरस्त

### छतों/पेंट हाऊस में संचालित रेस्टोरेंट/बार आदि में भी अग्नि सुरक्षा प्रबंध सुनिश्चित कराये जायेंगे



इंदौर। इंदौर में बार-बार यातायात नियमों को तोड़ने वाले वाहन चालकों के लायसेंस निरस्त किये जायेगें। साथ ही छतों/पेन्ट हाऊस में संचालित रेस्टोरेंट/बार आदि में भी अग्नि सुरक्षा प्रबंध सुनिश्चित कराये जायेंगे। इसके लिए संबंधित विभागों के अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये गये है। कलेक्टर आशीष सिंह की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई बैठक में अपर कलेक्टर गौरव बेनल, जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी सिद्धार्थ जैन, अपर कलेक्टर श्रीमती सपना लोवंशी, रोशन राय, राजेन्द्र रघुवंशी तथा श्रीमती निशा डामोर सहित अन्य अधिकारी मौजूद थे। बैठक में कलेक्टर सिंह ने क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी को निर्देश दिये कि वे ऐसे वाहन चालकों की सूची तैयार करें जिनके द्वारा बार-बार यातायात नियमों का उल्लंघन किया जा रहा है ऐसे वाहन चालकों के विरूद्ध कार्यवाही करते हुये ड्रायविंग लाइसेंस निरस्त किये जाये। निरस्ती के बाद लायसेंस परिवहन कार्यालय में अनिवार्य रूप से जमा करा लिया जाये। बैठक में कलेक्टर सिंह ने कहा कि छतों/पेंट हाऊस में संचालित रेस्टोरेंट/बार आदि में भी अग्नि सुरक्षा प्रबंध सुनिश्चित कराये जायें। इसके लिए अधिकारी निरीक्षण कर सभी इंतजाम सुनिश्चित कराये। पूर्व में किये गये निरीक्षण के दौरान ऐसे संस्थान जिन्होंने अभी तक अग्नि सुरक्षा प्रबंध नहीं किये है, उनके संस्थान को सील करने की कार्यवाही की जाये। बैठक में उन्होंने पूर्व में सर्वेक्षित शहरी तालाबों और शासकीय मंदिरों की जमीनों को अतिक्रमण मुक्त करने की कार्यवाही की जाये।

## लूट के आरोप में फंसे नेता पुत्र पर पुलिस मेहरबान

इंदौर। लूट के आरोप में फंसे नेता पुत्र पर पुलिस मेहरबान दिखी। रिमांड अवधि पूर्ण होने के पहले ही कोर्ट में पेश कर दिया। थाने में वीआईपी ट्रीटमेंट दिया गया। फरियादी भी बैकफुट पर आए और समझौता पेश कर दिया। बीते 6 अप्रैल को खजराना पुलिस ने सीमेंट कारोबारी सनप्रीतसिंह बग्गा की शिकायत पर कान्हा उर्फ कृष्णा जोशी पर मारपीट और लूट का केस दर्ज किया था। शुक्रवार को पुलिस ने कान्हा को नारायण कोठी खजराना से गिरफ्तार किया, लेकिन थाने में वीआईपी ट्रीटमेंट शुरू हो गया। भाजपा नेताओं के दबाव में न सिर्फ होटल का खाना खिलाया, बल्कि मेडिकल के लिए निजी कार से लेकर गए। साथियों की गिरफ्तारी और चेन की जब्ती के लिए दो दिन का रिमांड मांगा, लेकिन दबाव में पुलिस ने रविवार को ही आरोपी को कोर्ट लेकर पहुंच गई।टीआइ सुजीत श्रीवास्तव के मुताबिक कान्हा के दो साथी विशाल उर्फ जतिन और राकेश साहा को शनिवार रात 2 बजे गिरफ्तार कर लिया। सनप्रीत के साथ हुई घटना में दोनों शामिल थे। पुलिस कार पहले ही जब्त कर चुकी थी। पूछताछ पूरी होने के कारण तीनों को रविवार को पेश करना पड़ा। फरियादी बोला- कार्रवाई नहीं चाहता

बग्गा ने एफआईआर के लिए अफसरों पर दबाव बनाया और आरोप लगाया कि कान्हा ने कार में तोड़फोड़, मारपीट कर चेन लूटी है। उसने पगड़ी का अपमान किया है, लेकिन दो दिन पूर्व समझौता पेश कर दिया। लिखित आवेदन और वीडियो बनाकर कहा कि वह कार्रवाई नहीं चाहते हैं।

## कैबिनेट मंत्री प्रहलाद पटेल ने किया प्रेस वार्ता को संबोधित, संकल्प पत्र का किया विमोचन

**इंदौर।** कैबिनेट मंत्री प्रहलाद पटेल ने रीगल चौराहा स्थित होटल सरोवर पोर्टिको में भारतीय जनता पार्टी के संकल्प पत्र को लेकर प्रदेश वार्ता को संबोधित किया। सर्वप्रथम प्रहलाद पटेल ने संकल्प पत्र का विमोचन किया उसके पश्चात प्रेस वार्ता को संबोधित करते हुए कहा कि मोदी की गारंटी का मतलब पुरा होने ही गारंटी हैं। मोदी का नाम और काम ही गारंटी है। एक दिन में यह विश्वास नही बनता, मोदी जी जो वादा करते हैं उसे पूरा करते हैं। मोदी जी के कार्यकाल में पिछले 10 वर्षो में हर सम्भव कार्य किए गए गांव गांव तक योजनाओं को पहुंचाया गया जिसका परिणाम आज संकल्प पत्र में दिख भी रहा है। मजदूरों के क्षेत्र में यूनिक आईडी देकर पीएफ देने वाले प्रथम प्रधानमंत्री है। कृषि के क्षेत्र में नैनो यूरिया और जैविक खेती को बढ़ावा दिए जाने पर जोर दिया गया है। वहीं मोटे अनाज को प्रोत्साहन देते हुए छोटे किसानों का भी ध्यान रखा गया है। प्रधानमंत्री आवास योजना के अंतर्गत संकल्प पत्र में 3 करोड़ आवास बढ़ाने का संकल्प लिया हैं। आयुष्मान कार्ड के माध्यम से 70 वर्षो से अधिक उम्र के सभी बुजुर्गो को योजना का लाभ पहुंचाया जाएगा। दिव्यांगो को भी प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ मिल सकेगा। मातृशक्ति को आत्मनिर्भर करके 1 करोड़ लखपति दीदी का संकल्प पुरा हुआ अब 3 करोड़ तक पहुंचाने का संकल्प लिया हैं। मोदी जी की प्रगति में प्रगति के साथ गति भी है। ऐसा कोई क्षेत्र नही जो संकल्प पत्र मे छुट गया हो चाहे सौर ऊर्जा हो या विकास के साथ विरासत को संजोए हुए भगवान बिरसा मुंडा जी की सांस्कृतिक विरासत को सहेजने का कार्य मोदी जी ने किया है, साथ ही चाहे उज्जैन में महाकाल कॉरिडोर, वाराणसी में बाबा विश्वनाथ कॉरिडोर और अयोध्या में श्री राम लला खूब भव्य मंदिर में विराजमान करना मुख्य कार्य रहे हैं। यह संकल्प पत्र गौरवशाली वर्तमान और वैभवशाली भविष्य को दर्शाता है। इस अवसर पर विधायक रमेश मेंदोला, जिला अध्यक्ष चिंटू वर्मा, प्रदेश सह मीडिया प्रभारी दीपक जैन टीनू, प्रदेश प्रवक्ता गोविंद मालू, नरेंद्र सलूजा, आलोक दुबे, प्रदेश मीडिया विभाग सदस्य प्रेम व्यास, मीडिया प्रभारी रितेश तिवारी, सह मीडिया प्रभारी नितिन द्विवेदी, जिला मीडिया प्रभारी वरुण पाल, सांस्कृतिक प्रकोष्ठ प्रदेश संयोजक प्रदीप नायर, घनश्याम काकाणी उपस्थित रहे।

# शहर के कलाप्रेमियों को मिली सर्वसुविधायुक्त कैनेरीज़ फ़ाईन आर्ट्स गैलरी की सौगात

इंदौर। शहर को बहुप्रतीक्षित आधुनिक सर्वसुविधायुक्त आर्ट गैलरी की सौगात मिली है। कैनेरीज़ फाईन आर्ट गैलरी के नए परिसर का शुभारंभ सांसद शंकर लालवानी एवं उद्योगपति मनीष शाहरा ने किया। इस अवसर पर अमेरिका से पधारीं हीलर एवं वक्ता सुश्री सुरभि पांड्या ने बिना दवाओं के स्वस्थ रहने के गुर बताए। शासकीय विवेकानंद स्कूल के सम्मुख स्थित इस आर्ट गैलरी के उद्घाटन अवसर पर शहर के वरिष्ठ कलाकारों के चित्रों की प्रदर्शनी भी लगाई गई है। इन कलाकारों में सर्वश्री चंद्रेश सक्सेना, एम एफ हुसैन, श्रेणिक जैन, मीरा गुप्ता, योगेंद्र सेठी, रमेश खेर, हरेंद्र शाह आदि प्रमुख हैं। आर्ट गैलरी के शुभारंभ पर शंकर लालवानी ने कहा कि शहर के कला जगत के लिए और कलाकारों को प्रोत्साहित करने के लिए योगेन्द्र सेठी का प्रयास सराहनीय है। शहर में कला जगत तभी आगे बढ़ सकता है जब कलाकारों को ऐसे मंच मिलें। उद्योगपति मनीष शाहरा ने कहा कि स्वच्छता में नंबर वन इंदौर को कला के मामले में भी नंबर वन बनाने के प्रयास होने चाहिए। कलकत्ता जैसे शहर की तरह शहर की सांस्कृतिक पहचान होनी चाहिए जिसके लिए कैनेरीज़ फाईन आर्ट गैलरी जैसे प्रयासों को सफल बनाना हम सबका दायित्व है। आर्ट गैलरी के संचालक योगेन्द्र सेठी ने बताया कि पिछले आठ वर्षो में फाउंडेशन द्वारा राष्ट्रीय स्तर की कई कला गतिविधियां की गई हैं। सेठी ने स्वागत उद्बोधन के साथ सभी अतिथियों का सम्मान भी किया।

### प्राचीन भारतीय ज्ञान एवं आधुनिक मेडिकल विज्ञान का संगम है हेल्थ इंटेलिजेंस : सुरभि पंड्या



उद्घाटन समारोह के दूसरे चरण में न्यूयॉर्क से पधारीं सुप्रसिद्ध उद्योगपति, स्पिरिच्युअल हीलर और मोटिवेशनल वक्ता सुश्री सुरभि पंड्या ने बिना दवाइयों के निरोगी रहने और अपने शरीर की क्षमताओं में विकास पर आधारित अपने कार्यक्रम %हेल्थ इंटेलिजेंस% के विषय में विस्तृत जानकारी दी जिससे दर्शक बहुत प्रभावित हुए। उन्होंने बताया कि शरीर की क्षमताओं में इतनी वृद्धि संभव है कि न सिर्फ रोगों से लड़ा जा सके अपितु शरीर के अच्छे स्वास्थ्य के सूचक पैरामीटर्स को सुधारा भी जा सकता है। तीर्थंकर महावीर फ़िल्म की पटकथा लेखिका एवं सहनिर्देशक रह चुकीं सुश्री पंड्या में बच्चों को भारतीय संस्कृति से जोड़ने के लिए विशेष पुस्तकें भी लिखी हैं तथा गेम्स का निर्माण भी किया है। उनके हेल्थ इंटेलिजेंस कोर्स से लाभान्वित हुए चंद उद्यमियों ने इस पद्धति के अद्भुद परिणामों की जानकारी दी। प्राचीन भारतीय ज्ञान पर आधारित इस जीवन शैली परिवर्तन आधारित इस कोर्स को करने में इंदौर के कई प्रबुद्ध नागरिकों ने रूचि दिखाई है।

# संपादकीय | जासूसी साफ्टवेयर के जरिए फोन में सेंधमारी...

अब एक बार फिर जासूसी का जिन्न बोतल से बाहर निकल आया लगता है। दुनिया के सबसे सुरक्षित मोबाइल फोन और कंप्यूटर बनाने का दावा करने वाली कंपनी एप्पल ने अपने उत्पाद का उपयोग करने वालों को संदेश भेजा है कि उनके फोन में पेगासस जासूसी साफ्टवेयर के जरिए सेंधमारी की जा सकती है, इसलिए सावधान रहें।

यह संदेश उसने मेल के जरिए भारत सहित इक्यानबे देशों के लोगों को भेजा है। करीब छह महीने पहले भी उसने भारत के कुछ लोगों को चेतावनी भेजी थी कि उनका फोन पेगासस के निशाने पर हो सकता है। उनमें ज्यादातर लोग विपक्षी दलों के नेता थे, इसलिए इसे लेकर काफी हंगामा हुआ था। मगर सरकार के दबाव में तब एप्पल ने अपनी उस चेतावनी को बहुत धुंधला कर दिया था।

इस बार उसने बहुत गंभीरता और भरोसे के साथ अपने ग्राहकों को चेतावनी दी है कि आपके फोन को 'मर्सीनरी स्पाईवेयर' के जरिए निशाना बनाया जा रहा है। हालांकि उसने उन लोगों के नाम उजागर नहीं किए हैं, जिनके फोन में इस जासूसी साफ्टवेयर के जरिए सेंधमारी के तथ्य उसे हाथ लगे हैं। मगर कंपनी ने माना है कि इस तरह के हमले दुनिया भर हो रहे हैं।

अंदाजा लगाया जा सकता है कि जब एप्पल के अत्यंत सुरक्षित माने जाने वाले फोन में सेंधमारी की जा रही है, तो बाकी एंड्रायड से चलने वाले फोनों की सुरक्षा का क्या हाल होगा। चूंकि एप्पल का सारा कारोबार इसी विश्वास पर टिका हुआ है कि उसके फोन और कंप्यूटर में कोई सेंधमारी नहीं कर सकता, उसके लिए भी यह बड़ी चुनौती बन चुका है।



एप्पल ने माना है कि यह घुसपैठ किसी सामान्य साइबर सेंधमार के वश की बात नहीं है, क्योंकि जिस साफ्टवेयर के जरिए यह हमला किया जा रहा है, उस पर लाखों डालर का खर्च आता है और उसे लेना सबके बूते की बात नहीं। एप्पल इस साफ्टवेयर से पार पाने का कोई इंतजाम कर पाएगी या नहीं, यह तो वक्त बताएगा, मगर दुनिया की तमाम सरकारें अब फिर से लोगों की निजता में सेंध लगाने को लेकर निशाने पर आ जाएंगी।

करीब तीन साल पहले भारत में जब पेगासस के इस्तेमाल की बात सामने आई थी, तब खासा बवाल मचा था। सर्वोच्च न्यायालय में कई अपीलें दायर की गई थीं। यह साफ्टवेयर इजराइल की सरकार बेचती है और उसका कहना है कि वह इसे किसी स्वतंत्र व्यक्ति या कंपनी को नहीं बेचती, बल्कि सरकारों को देती है। इसलिए भी यह मामला ज्यादा गंभीर बन गया था।

साइबर सेंधमारी से लेकर डीपफेक आदि पहले ही भारत जैसे देश में एक गंभीर समस्या के रूप में सामने है, जिससे पार पाना सरकार के लिए बड़ी चुनौती है। ऐसे में अगर पेगासस जैसे साफ्टवेयर के जरिए जासूसी और सेंधमारी का मामला सिद्ध होता है, तो यह ज्यादा गंभीर बात होगी।

यह साफ्टवेयर दरअसल एक प्रकार का गुप्त भेदिया है, जो ग्राहक की नजरों से ओझल रह कर उसके फोन के जरिए उसकी हर गतिविधि पर नजर रखता है। इस साफ्टवेयर को चुपके से किसी के भी फोन में डाला जा सकता है और फिर उस फोन के कैमरे, माइक वगैरह को अपने ढंग से संचालित किया जा सकता है। एप्पल के दावों को दरकिनार करना मुश्किल है। इस तरह सेंधमारी हो रही है, तो यह लोगों की निजता पर बड़ा आघात है। इस पर सरकार को गंभीरता से पहल करनी चाहिए।

## प्रिंट, इलेक्ट्रॉनिक और सोशल मीडिया पर निगरानी के लिये मीडिया मॉनिटरिंग एवं मीडिया सर्टिफिकेशन प्रकोष्ठ जिला पंचायत में स्थापित

**-24x7 होगी निगरानी**

**-बैठक/प्रशिक्षण संपन्न**

**इंदौर।** इंदौर जिले में लोकसभा निर्वाचन 2024 के लिए व्यापक तैयारियां जारी हैं। जिले में प्रिंट, इलेक्ट्रानिक और सोशल मीडिया पर निगरानी के लिये मीडिया मॉनिटरिंग एवं मीडिया सर्टिफिकेशन कमेटी का गठन किया गया है। इसका निगरानी कक्ष जिला पंचायत में स्थापित किया गया है। मीडिया में प्रसारित होने वाले राजनैतिक दलों, अभ्यर्थियों तथा विधानसभा निर्वाचन से जुड़े विज्ञापनों और पेड न्यूज़ आदि के संबंध में इस कक्ष के माध्यम से निगरानी रखी जायेगी। यह मीडिया कक्ष 24ङ्ग7 कार्य करेगा। मीडिया कक्ष में निगरानी के लिए 70 अधिकारियों एवं कर्मचारियों को तैनात किया गया है।

जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी सिद्धार्थ जैन की अध्यक्षता में उपरोक्त अधिकारी/कर्मचारियों बैठक में प्रशिक्षण दिया गया। इस अवसर पर बताया गया कि उक्त दलों में विभिन्न विभागों के अधिकारी/कर्मचारियों और विशेषज्ञों को दायित्व दिये गये हैं। जैन द्वारा मीडिया मॉनिटरिंग एवं मीडिया सर्टिफिकेशन कमेटी के कार्यों की जानकारी देते हुये कहा गया कि यह निर्वाचन का अहम प्रकोष्ठ हैं। सभी अधिकारी पूर्ण गंभीरता से अपने उत्तरदायित्वों का निर्वहन करें। बैठक में मीडिया मॉनिटरिंग एवं मीडिया सर्टिफिकेशन कमेटी के दल को प्रशिक्षण दिया गया। मीडिया मॉनिटरिंग एवं मीडिया सर्टिफिकेशन के दलों के सदस्यों को उनके दायित्व एवं कर्तव्यों के बारे में बताया गया। इस अवसर पर मीडिया मॉनिटरिंग एवं मीडिया सर्टिफिकेशन तथा मीडिया प्रबंधन के नोडल अधिकारी एवं संयुक्त संचालक जनसंपर्क डॉ. आर.आर.पटेल ने कमेटी के बारे में विस्तार से जानकारी दी।

## वोटर आईडी कार्ड के अलावा 12 वैकल्पिक फोटोयुक्त दस्तावेज में से कोई भी एक दिखाकर मतदाता कर सकेंगे मतदान

इंदौर। भारत निर्वाचन आयोग द्वारा लोकसभा निर्वाचन 2024 के परिप्रेक्ष्य में मतदान के लिए मतदाता पहचान पत्र नहीं होने की दशा में ई-मतदाता परिचय पत्र आयोग की वेबसाइट https://voters.eci.gov.in/k से डाउनलोड किया जाकर मतदान किये जाने की सुविधा प्रदान की गई है। इसके अतिरिक्त 12 प्रकार के वैकल्पिक दस्तावेजों के माध्यम से भी मतदाता अपने मत का उपयोग कर सकते हैं। आयोग द्वारा लोकसभा निर्वाचन 2024 के अंतर्गत मतदान करने के संबंध में मतदाता की पहचान के लिये मतदाता परिचय पत्र के अलावा ई-मतदाता परिचय पत्र, आधार कार्ड, मनरेगा जॉब कार्ड, बैंक, पोस्ट ऑफिस की फोटो सहित पासबुक, श्रम मंत्रालय के अंतर्गत जारी स्वास्थ्य बीमा स्मार्ट कार्ड, ड्रायविंग लायसेंस, पेन कार्ड, श्रम मंत्रालय की योजना के अंतर्गत जारी स्मार्ट कार्ड, भारतीय पासपोर्ट, फोटोग्राफ सहित पेंशन दस्तावेज, केंद्र शासन, राज्य शासन, पीएसयूस और पब्लिक लिमिटेड कंपनी द्वारा जारी फोटोग्राफ सहित सर्विस पहचान कार्ड और एमपी, एमएलए व एमएलसी द्वारा जारी सरकारी पहचान पत्र निर्धारित किये गये।

## इंदौर के चिकित्सकों ने मतदान बढ़ाने के लिए लिया संकल्प

**इंदौर।** लोकसभा चुनाव में मतदान बढ़ाने के उद्देश्य से जागरूक चिकित्सको की संस्था ÷दी एसोसिएशन ऑफ़ सर्जन ऑफ़ इंडिया÷ इंदौर चैप्टर मिलन एवं समसामयिक विषय, चिकित्सा गोष्ठी एवं भाजपा इंदौर लोकसभा विशेष संपर्क समिति द्वारा आयोजित ÷विकसित भारत एवं चिकित्सको की भूमिका÷ विषय पर कार्यक्रम होटल क्राउन पैलेस पर सम्पन्न हुआ।आयोजन में भारतीय जनता पार्टी इंदौर लोकसभा विशेष संपर्क अभियान के संयोजक अशोक अधिकारी ने प्रस्तावना रखते हुए चिकित्सको की राष्ट्र निर्माण में भूमिका परिचय से शुरूवात की मध्यप्रदेश शासन के पूर्व युवा आयोग के अध्यक्ष डॉ. निशांत खरे ने अपना विचार रखते हुए कहा की विश्व में भारत का सम्मान गत 10 वर्षो में बड़ा हैं , राष्ट्रीय सुरक्षा सर्वोपरि हैं इंदौर लोकसभा प्रभारी एवं राज्य सभा सांसद डॉ. सुमेर सिंह सोलंकी ने कहा कि चिकित्सा के लिए मालवा निमाड़ के वनवासियों की तकलीफो से आयुष्मान कार्ड ने निज़ाद दिलवाया हैं एवं पुरे भारत वर्ष में सैकड़ो मेडिकल महाविद्यालय, एम्स , सुपर स्पेशिलिटी अस्पताल शुरू किए गए हैं व कोरोना काल में वैक्सीनशन तथा आप जैसे चिकित्सको के सहयोग से भारत में ही नहीं अपितु विश्व में भी भारत का नाम बड़े ही सम्मान के साथ लिया गया। एवं उन्होंने कहा की गरीब व आदिवासी बच्चो के लिए हिंदी में भी मेडिकल की पढ़ाई मातृभाषा में हो पा रही हैं, अर्थात जितने भारत की जनता स्वस्थ रहेगी उतना ही भारत देश स्वस्थ रहेगा, और भारत विकसित भारत के लिए निरंतर अग्रसर होगा।इस अवसर पर इंदौर लोकसभा संयोजक रवि रावलिया, सुमित मुटनेजा तथा इंदौर के गणमान्य 125 सर्जन उपस्थित रहे।

## ग्रीन कॉरिडोर : ब्रेनडेथ के बाद शिक्षक की किडनी ने बचाई जिंदगी

इंदौर। सागर निवासी 54 वर्षीय हरिशंकर धिमोले पेशे से शिक्षक थे। वे बीमारी के कारण अस्पताल में भर्ती थे। डॉक्टरों ने उन्हें ब्रेनडेथ घोषित किया। परिजनों ने अंग दान करने पर सहमति दी। इसके बाद ग्रीन कॉरिडोर की संभावनाएं बनी।इंदौर से भोपाल के बीच सोमवार को ग्रीन कॉरिडोर बना। भोपाल के बंसल अस्पताल से इंदौर के चोइथराम अस्पताल के बीच ग्रीन कॉरिडोर के माध्यम से दो घंटे 45 मिनट में किडनी इंदौर लाई गई। जिससे अब एक व्यक्ति को जीवनदान मिलेगा।

# टुकड़े-टुकड़े गैंग का अपमान झेलता

## जेएनयू फिर बना श्रेष्ठ शिक्षण संस्थान

**हरनाम सिंह**

10 वर्ष पूर्व सत्ता में आए वर्तमान शासको की आंख की किरकिरी बना जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय (जेएनयू) देश और दुनिया की श्रेष्ठ शिक्षण संस्थानों में स्थान प्राप्त करने में सफल घोषित हुआ है। स्वतंत्र चिंतन और बौद्धिक क्षमता रखने वाले इस विश्वविद्यालय ने तमाम षडयंत्रों, झूठे प्रचार का मुकाबला किया है।हाल ही में छात्र संघ चुनाव में यहां के विद्यार्थियों ने सत्ता और संघ को करारा जवाब देते हुए अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद को पराजित किया था।

वर्ष 2024 के लिए लंदन की क्यू एस रैंकिंग एजेंसी (जो सारी दुनिया की शिक्षण संस्थाओं को विभिन्न कसौटियों पर परखती है) द्वारा किए गए विश्लेषण तथा रैंकिंग में जेएनयू को सम्मानजनक बीसवां तथा भारत में प्रथम स्थान मिला है। भारत में स्वयं सरकार के शिक्षा मंत्रालय की रेटिंग में जेएनयू प्रथम स्थान पर है। बावजूद इसके इस संस्थान को बधाई देने के स्थान पर सरकार और संघ पोषित संगठन आए दोनों जेएनयू को लांछित करते रहते हैं। हाल ही में जेएनयू को बदनाम करने के लिए भाजपा के ही सांसद रवि किशन ने जेएनयू (जहांगीर नेशनल यूनिवर्सिटी) के नाम से फिल्म बनाई है।

### टुकड़े-टुकड़े गैंग की सच्चाई

यह सर्वविदित तथ्य है कि झूठ को प्रचारित कर उसे सच्चा बताया जा सकता है। देश में ऐसे कई उदाहरण मौजूद है। ÷आलू से सोना÷ बनाने की बात स्वयं प्रधानमंत्री श्री मोदी ने एक भाषण में कही थी लेकिन जब इस बात को राहुल गांधी ने उल्लेख किया तो भाजपा के आईटी सेल ने यह झूठ राहुल के नाम चस्पा दिया, जिसे लोग आज भी सच मानते हैं। ऐसा ही झूठ जेएनयू के नाम से भी प्रचारित है। स्वतंत्र बौद्धिक क्षमता वाले इस विश्वविद्यालय पर संघ ने अपनी वैचारिकी थोपने के अनेक प्रयास किये, लेकिन जब वह सफल नहीं हुआ तो षडयंत्र पूर्वक विश्वविद्यालय में देश विरोधी नारे लगवाए गए, आरोप छात्र संघ के तत्कालीन अध्यक्ष कन्हैया कुमार पर लगाकर उसे पीटा गया, गिरफ्तार किया गया, बदनाम किया गया। वर्ष 2016 की उस घटना के आरोपी आज तक गिरफ्तार नहीं किये जा सके हैं, न हीं कन्हैया कुमार पर लगाए गए आरोप ही प्रमाणित हुए हैं। लेकिन भाजपा का प्रचार तंत्र इस घटनाक्रम को देशद्रोह जोड़कर जेएनयू को टुकड़े-टुकड़े गैंग प्रचारित कर बदनाम करता रहा है। कयास लगाया जाता है कि भारत विरोधी नारे प्रायोजित और इरादतन लगवाए गए थे, ताकि जेएनयू को टारगेट किया जा सके और इसमें षड्यंत्रकारी सफल रहे।

भाजपा द्वारा इस्तेमाल किया जाने वाला टुकड़े-टुकड़े गैंग मुहावरा अक्सर अपने विरोधियों को अलगाववादी और देश विरोधी प्रचारित करने के लिए किया जाता है। जबकि सरकारी एजेंसियों की किसी भी रिपोर्ट में कथित टुकड़े-टुकड़े गैंग के नाम का उल्लेख नहीं है। सूचना के अधिकार अंतर्गत दिए गए एक जवाब में स्वयं केंद्रीय गृह मंत्रालय ने कहा कि उसके पास टुकड़े-टुकड़े गैंग के बारे में कोई जानकारी नहीं है। यह वैसा ही प्रचार है जैसा संघ समर्थक ÷लव जिहाद÷ के बारे में करते रहे हैं। सरकार इंकार करती है कि देश में ऐसा कोई जिहाद चल रहा है। स्वयं सर्वोच्च न्यायालय ने भी इस अवधारणा से इनकार किया है। लेकिन बिकाऊ मीडिया, सत्ता पोषित संगठन खुलकर हर अंतर धार्मिक वैवाहिक संबंध को लव जिहाद कहकर बदनाम करते हैं।

### शैक्षिक बौद्धिक जगत में श्रेष्ठ

संस्कृति राष्ट्रवादियों द्वारा बदनाम किए जाने के बावजूद शिक्षण और बौद्धिक जगत में जेएनयू श्रेष्ठ बना हुआ है। स्वयं मोदी मंत्रिमंडल में तीन केंद्रीय मंत्री जेएनयू के विद्यार्थी रह चुके हैं। जेएनयू की वाइस चांसलर शांतिश्री धुलीपुड़ि पंडित के अनुसार ब्यूरोक्रेसी में 70 प्रतिशत अकादमिक संस्थानों में 50 प्रतिशत इसी विश्वविद्यालय से निकले विद्यार्थी हैं।

जेएनयू पर टुकड़े-टुकड़े गैंग का आरोप उनके द्वारा लगाया जा रहा है जिनकी स्वयं की बौद्धिक क्षमता संघ की शाखाओं में दिए जाने वाले बौद्धिक के दायरे तक ही सीमित है। अपढ़ो और कुपढ़ो द्वारा श्रेष्ठ बौद्धिक क्षमता पर हमला इसलिए हो रहा है कि प्रचार तंत्र और बिकाऊ मीडिया उनके साथ है। एक तरफ जेएनयू के विद्यार्थी और शिक्षक दुनिया में देश का नाम रोशन कर रहे हैं, वहीं उन्हें सत्ताधारियों द्वारा अपमानित किया जाता है, देशद्रोही कहा जाता है।

वर्ष 2019 में देश की महिलाओं द्वारा किए गए सराहनीय कार्यों को प्रकाश में लाने के प्रयासों के लिए सरकार ने विख्यात अभिनेत्री दीपिका पादुकोण को राजदूत नामित किया। वही दीपिका जब जेएनयू के छात्र आंदोलन का समर्थन करती है तो उसे देशद्रोही प्रचारित किया जाता है। विगत छात्रसंघ पदाधिकारियों पर संघ समर्थित गुंडों ने जेएनयू परिसर में घुसकर लोहे की राड से हमला किया, छात्र संघ अध्यक्ष आयुषी और कई शिक्षक घायल हो गए, लेकिन आज तक कोई अपराधी गिरफ्तार नहीं हुआ है। बावजूद इन सभी घटनाओं के जेएनयू ने कभी अपना धैर्य नहीं खाया है। अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद द्वारा जेएनयू परिसर में संघ की शाखाएं लगाने, गणवेश में पथ संचलन करने, हवन- यज्ञ करवाने के बावजूद भी चुनाव में उसे पराजय का मुंह देखना पड़ा। दुनिया में भारत का शैक्षिक परिदृश्य जेएनयू से जाना जाता है न कि किसी सरस्वती शिशु मंदिर से।

जेएनयू के विद्यार्थियों ने कांग्रेस शासन काल में भी कई मुद्दों पर सरकार का विरोध किया है। आपातकाल में वहां खुलकर सरकार विरोधी प्रदर्शन होते थे, लेकिन तत्कालीन सरकारों ने कभी जेएनयू को देशद्रोही, आतंकवादी, टुकड़े-टुकड़े गैंग नहीं कहा। वर्तमान सरकार पर सवाल उठाने वाले कई विद्यार्थी जेल में है, कई जमानत पर। नताशा नरवाल, उमर खालिद सहित कई विद्यार्थी सत्ता के दमन का शिकार है। बावजूद इन परिस्थितियों में जेएनयू पर देश को गर्व है।

## लोकसभा निर्वाचन 2024 - मतदान दलों का चार दिवसीय प्रशिक्षण प्रारंभ

### कलेक्टर सिंह ने प्रशिक्षण का निरीक्षण किया

इंदौर। इंदौर जिले में लोकसभा निर्वाचन 2024 की व्यापक तैयारियां जारी हैं। जिले में सुव्यवस्थित रूप से मतदान कराने के लिए मतदान दलों के गठन की प्रक्रिया प्रारंभ हो गई हैं। जिले में मतदान दलों में नियुक्त किये जाने वाले पीठासीन अधिकारियों और मतदान अधिकारी क्रमांक-1 का चार दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम आज से प्रारंभ हुआ। जिला निर्वाचन अधिकारी एवं कलेक्टर आशीष सिंह ने प्रशिक्षण स्थल पहुंचकर प्रशिक्षण कार्यक्रम का निरीक्षण किया। उन्होंने प्रशिक्षण की विभिन्न व्यवस्थाओं को देखा। इस अवसर पर प्रशिक्षण कार्यक्रम के नोडल अधिकारी तथा इंदौर विकास प्राधिकरण के मुख्य कार्यपालन अधिकारी आर.पी. अहिरवार, उप जिला निर्वाचन अधिकारी राजेन्द्र रघुवंशी सहित अन्य अधिकारी मौजूद थे।

प्रशिक्षण कार्यक्रम के पहले दिन होलकर साइंस कॉलेज में आयोजित इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में मतदान दलों में नियुक्त किये जाने वाले 2 हजार 180 अधिकारी/कर्मचारियों को प्रशिक्षण दिया गया। यह प्रशिक्षण कार्यक्रम 16, 18, 19 अप्रैल तक आयोजित होगा। इस तरह 4 दिनों में लगभग 9 हजार अधिकारी/कर्मचारियों को प्रशिक्षित किया जायेगा। कलेक्टर सिंह पहले दिन होल्कर साइंस कॉलेज पहुंचे। उन्होंने मतदान कर्मियों के प्रशिक्षण का जायजा लिया। उन्होंने प्रत्येक कक्ष में पहुंचकर प्रशिक्षण व्यवस्था को देखा। उन्होंने कहा कि मतदान कर्मियों को गहनता के साथ प्रशिक्षण दिया जाये। उन्हें हर बारीकी से अवगत कराया जाये। निर्वाचन आयोग के नियम और निर्देशों की विस्तृत जानकारी दी जाये। प्रशिक्षण कार्यक्रम के समन्वयक अधिकारी तथा इंदौर विकास प्राधिकरण के मुख्य कार्यपालन अधिकारी आर.पी. अहिरवार ने प्रशिक्षण कार्यक्रम के संबंध मे विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने कहा कि यह प्रशिक्षण कार्यक्रम 4 दिनों तक चलेगा। प्रशिक्षण कार्यक्रम 34 कमरों में आयोजित हो रहा हैं। प्रशिक्षण कार्यक्रम सुबह 10 बजे से प्रारंभ होकर दोपहर 2 बजे तक चल रहा है। प्रशिक्षण कार्यक्रम में कुल 81 मास्टर ट्रेनर प्रशिक्षण दे रहे हैं। प्रशिक्षण कार्यक्रम के प्रभारी अधिकारी सुदीप मीणा ने बताया कि यह प्रशिक्षण कार्यक्रम भारत निर्वाचन आयोग के नियम और निर्देशों के अनुरूप आयोजित किया जा रहा है। सभी अधिकारी/कर्मचारियों को उनके अधिकार, कर्तव्य, निर्वाचन आयोग के नियम और निर्देशों तथा निर्वाचन संबंधी अन्य प्रावधानों के संबंध में विस्तार से जानकारी दी जा रही है। कलेक्टर सिंह ने निर्देश दिये है कि मतदान दलों में नियुक्त पीठासीन अधिकारी और मतदान अधिकारी क्रमांक-1 प्रशिक्षण कार्यक्रम में अनिवार्य रूप से उपस्थित रहें। निर्वाचन कार्य में लापरवाही और उदासीनता बर्दाश्त नहीं की जायेगी। उन्होने प्रशिक्षण कार्यक्रम को सुव्यवस्थित रूप से आयोजित करने के निर्देश दिये हैं। बताया गया कि प्रशिक्षण के दूसरे चरण में मतदान अधिकारी क्रमांक 1 एवं मतदान अधिकारी क्रमांक 2 को प्रशिक्षण दिया जायेगा। यह प्रशिक्षण कार्यक्रम 22 एवं 23 अप्रैल को होगा।

प्रशिक्षण कार्यक्रम में मतदान कर्मियों को व्यवहारिक प्रशिक्षण भी दिया गया। प्रशिक्षणार्थियों को बुजुर्ग तथा दिव्यांग मतदाताओं को दी जाने वाली सुविधाओं, इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन, वीवीपैट, मतदान की प्रक्रिया, मतदान के संबंध में बने नियम-कानून, मतदान के संबंध में जारी भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशों, पीठासीन अधिकारी के अधिकार एवं कर्तव्य आदि के बारे में प्रशिक्षण दिया जा रहा हैं।

## मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने मतदाता जागरूकता गीत का किया विमोचन




**इंदौर।** मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी अनुपम राजन ने सागर के जिला पंचायत सीईओ एवं मतदाता जागरूकता अभियान (स्वीप) के नोडल अधिकारी पी.सी. शर्मा द्वारा स्वरचित मतदाता जागरूकता गीत के पोस्टर और सीडी का विमोचन किया। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने ÷जय मतदाता, जय जय मतदाता÷ गीत लिखने पर श्री शर्मा को बधाई तथा शुभकामनाएं दी हैं। साथ ही सभी जिला पंचायत सीईओ/ स्वीप नोडल अधिकारियों से नवाचारों के साथ मतदाता जागरूकता गतिविधियों में और तेजी लाने का आग्रह किया है, जिससे प्रत्येक मतदाता को उनके अधिकारों के बारे में पता चल सके।

## प्रकाश क्लब में खिलाड़ियों को हॉकी और खेल सामग्री वितरित

**84वां का ग्रीष्मकालीन शिविर प्रारंभ**




इंदौर। प्रदेश में हॉकी की सबसे पुरानी नर्सरी कहलाने वाले प्रकाश हॉकी क्लब का 84वां ग्रीष्मकालीन प्रशिक्षण शिविर पूर्व अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी मीररंजन नेगी और मप्र के पूर्व कप्तान देवेंद्र बुंदेला के मुख्य आतिथ्य में प्रारंभ हुआ। शिविर के पहले ही दिन खिलाड़ियों को 50 हॉकी स्टिक, गेंद, ट्रेक सूट और गर्मी में पीने के लिए पानी की बोतल संस्था द्वारा निशुल्क वितरित की गई।

प्रकाश क्लब के सचिव देवकीनंदन सिलावट ने बताया कि शिविर सभी के लिए पूरी तरह निशुल्क है। डेली कालेज के सामने स्थित अभ्यास स्थल पर आयोजित शिविर में सभी खिलाड़ियों को संस्था द्वारा पौष्टिक आहार भी दिया जाएगा। शुभारंभ अवसर पर विशेष अतिथि समाजसेवी नरेंद्र देव, जीतेंद्र भीलवारे, डा. हेमंत शुक्ला, पूर्व डीएसपी डीके तिवारी, केएस कपासिया, विनीता नेगी, डा. मंदाकिनी सिलावट थे। शिविर में प्रशिक्षण मीररंजन नेगी के साथ अशोक यादव, सरवर खान, शैलेंद्र वर्मा, विवेक यादव, डा. रफीक खान, रमेश झीरवार देंगे। अतिथियों का स्वागत दीपक, अजय सारड़ा, आशीष तिवारी, प्रेम प्रजापत, बंटी यादव, संदीप वर्मा, बीआर यादव, डा. सुरेश मालवीय, डा. वहाब खान, एड्वोकेट सुनील बौरासी, नीरज टंडन, हलीम खान, अनीस खान ने किया। संचालन अक्षत यादव ने किया। आभार प्रथमेश राजे सिलावट ने माना।

सिलावट ने बताया कि शिविर के दौरान खेल के प्रशिक्षण के अलावा खिलाड़ियों को आधुनिक दौर की जरूरतों को समझते हुए फिटनेस की भी ट्रेनिंग दी जाएगी। शिविर के मुख्य कोच नेगी के जीवन पर आधारित फिल्म चक दे इंडिया ने राष्ट्रीय खेल हाकी को देश में फिर से लोकप्रिय बनाने में अहम भूमिका निभाई थी। इस फिल्म में नेगी का किरदार सितारा अभिनेता शाहरुख खान ने निभाया था।

आपकी शिकायत/समस्याओं में
आपका साथी




दैनिक सद्भावना पाती

शिकायत / पत्र संपादक के नाम

आप किसी समस्या, शिकायत, मुद्दे, जानकारी, गड़बड़ी, भ्रष्टाचार, नियम विरुद्ध काम आदि की शिकायत संपादक के नाम व्हाट्सएप पर भेज सकते हैं।

सर्वप्रथम आप अपने मोबाइल में सीएम हेल्पलाइन 181 एप डाउनलोड करें

और उस पर शिकायत उपरांत हमे उसका स्क्रीन शॉट और फोटो भेजें।

हम उस शिकायत को दैनिक सद्भावना पाती में प्रकाशित करेंगे और आपकी समस्या/शिकायत को शीघ्र खत्म करने का प्रयास करेंगे।

केवल व्हाट्स एप करें, कॉल न करें।

व्हाट्स ऐप न. 9685611304

ईमेल आईडी- reporter.spnews@gmail.com

नोट :- जनहित की समस्याओं पर उचित ईनाम भी दिया जाएगा।

## संक्षिप्त समाचार

### अडानी के शेयर धराशायी




**नई दिल्ली, एजेंसी।** इजरायल पर ईरान के हमले के बाद युद्ध की आशंका प्रबल हो गई है। इजरायल ने भी हमले का जवाब देने का ऐलान कर चुका है। दोनों देशों के इस तनातनी के बीच अडानी ग्रुप के स्टॉक्स धराशायी हो गए हैं। भारतीय शेयर मार्केट में भी भूचाल है। इजरायल-ईरान के बीच युद्ध का सीधा असर अडानी ग्रुप पर भी पड़ेगा। क्योंकि, अडानी पोर्ट्स उत्तरी इजरायल में हाइफा बंदरगाह का संचालन करता है और ईरान द्वारा हाल ही में किए गए ड्रोन और मिसाइल हमलों के बाद इजरायल और ईरान के बीच किसी भी तरह का संघर्ष चिंता का विषय हो सकता है। इसका असर आज अडानी ग्रुप के स्टॉक्स पर देखने को मिल रहा है। अडानी पावर 4.12 फीसद गिरकर 570.65 रुपये पर आग गया है। अडानी ग्रीन एनर्जी भी 4.32 फीसद लुढ़क कर 1802 रुपये के आसपास है। अडानी एंटरप्राइजेज में 3.20 फीसद की गिरावट है। अडानी टोटल भी 4 फीसद से अधिक गोता लगा चुका है।अडानी पोर्ट्स में 2.45 फीसद की गिरावट है और यह 1311.30 रुपये पर है। अडानी एनर्जी सॉल्यूशन में 3.60 फीसद की गिरावट है और यह 1030.45 रुपये पर है। एसीसी भी 1.35 फीसद नीचे 2435 रुपये पर ट्रेड कर रहा है। अंबुजा सीमेंट में भी 1 पफीसद से अधिक की गिरावट है और यह 602 रुपये के करीब है। एनडीटीवी में भी 3.84 फीसद की गिरावट है और यह 216.90 रुपये पर ट्रेड कर रहा था। सुबह पौने दस बजे तक सेंसेक्स 761 अंकों की गिरावट के साथ 73483 के लेवल पर था। यहां टाटा मोटर्स सबसे बड़ा लूजर था। इसमें करीब 3 फीसद की गिरावट थी। जबकि, निफ्टी गिरावट का दोहरा शतक लगाकर 226 अंकों के नुकसान के साथ 22293 के लेवल पर था। यहां टाटा कंज्यूमर, टाटा मोटर्स, बीपीसीएल, अडानी एंटरप्राइजेज और अडानी पोर्ट्स टॉप लूजर थे।

### बाजार में हाहाकार, लेकिन इस शेयर में तूफानी तेजी

**नई दिल्ली, एजेंसी।** शेयर बाजार में हाहाकार है, लेकिन एस्टर डीएम हेल्थकेयर के शेयरों में तूफानी तेजी देखने को मिल रही है। एस्टर डीएम के शेयर सोमवार को 13 पर्सेंट से अधिक की तेजी के साथ 558.30 रुपये पर पहुंच गए हैं। कंपनी के शेयरों ने सोमवार को 52 हफ्ते का अपना नया हाई बनाया है। एस्टर डीएम हेल्थकेयर के शेयर शुक्रवार को 487.95 रुपये पर बंद हुए थे। कंपनी के शेयरों में यह तेजी स्पेशल डिविडेंड के ऐलान की वजह से आई है। एस्टर डीएम हेल्थकेयर ने निवेशकों को हर शेयर पर 118 रुपये का स्पेशल डिविडेंड देने का ऐलान किया है। 23 अप्रैल है स्पेशल डिविडेंड की रिकॉर्ड डेट एस्टर डीएम हेल्थकेयर ने 118 रुपये स्पेशल डिविडेंड देने के लिए 23 अप्रैल 2024 की रिकॉर्ड डेट फिक्स की है। स्पेशल डिविडेंड अनाउंसमेंट की तारीख से 30 दिन के भीतर कंपनी इसका भुगतान निवेशकों को करेगी। एस्टर डीएम ने एक्सचेंज फाइलिंग में बताया है कि कंपनी के बोर्ड ने जीसीसी बिजनेस की सेल और एफिनिटी होल्डिंग्स की तरफ से जारी रिडीमबल प्रेफरेंस शेयरों को भुनाने से मिली रकम के कारण प्रत्येक शेयर 118 रुपये का स्पेशल डिविडेंड मंजूर किया है। एस्टर डीएम हेल्थकेयर के शेयरों में पिछले एक साल में 120 पर्सेंट से अधिक की तेजी आई है। कंपनी के शेयर 17 अप्रैल 2023 को 250.10 रुपये पर थे। एस्टर डीएम हेल्थकेयर के शेयर 15 अप्रैल 2024 को 558.30 रुपये पर पहुंच गए हैं।

# एमपीपीएससी-18 अप्रैल से ही होंगे अभ्यर्थियों के इंटरव्यू, चार दिन चलेगी प्रक्रिया

इदौर। मध्य प्रदेश लोक सेवा आयोग ने लोकसभा चुनाव के चलते भले ही लिखित परीक्षाओं को आगे बढ़ाई गई है, लेकिन इंटरव्यू की प्रक्रिया को यथावत रखा गया है। स्थिति स्पष्ट करते हुए आयोग ने कहा कि चुनाव की वजह से इंटरव्यू अपने तय कार्यक्रम के आधार पर करवाए जाएंगे।18 अप्रैल से राज्य सेवा मुख्य परीक्षा 2021 में चयनित अभ्यर्थी के साक्षात्कार रखे गए हैं। महीने भर चलने वाली प्रक्रिया में 1 हजार 46 अभ्यर्थियों को साक्षात्कार के लिए बुलाया है। बकायदा आयोग ने प्रक्रिया के संबंध में गाइडलाइन भी पोर्टल पर जारी की है। उम्मीदवारों को साक्षात्कार वाले दिन घंटे भर पहले कार्यालय में उपस्थित दर्ज करवाना होगी। इस दौरान अभ्यर्थियों के मूल दस्तावेजों की जांच जाएगी।कई परीक्षाएं की गई रिशेड्यूल

दरअसल लोकसभा चुनाव की घोषणा होने के बाद आयोग ने एक दर्जन से ज्यादा लिखित परीक्षाओं को आगे बढ़ा दिया। अब जून से दिसंबर के बीच सहायक प्राध्यापक परीक्षा 2022, राज्य सेवा प्रारंभिक परीक्षा 2024, राज्य वन सेवा मुख्य परीक्षा 2023, राज्य वन सेवा प्रारंभिक परीक्षा 2024, सहायक संचालक ग्रामोद्योग, खनिज अधिकारी-सहायक 2023 सहित कई परीक्षाओं को रिशेड्यूल किया है।

इस बीच इंटरनेट मीडिया पर राज्य सेवा परीक्षा 2021 के इंटरव्यू आगे बढ़ाने पर चर्चा होने लगी। यह देख अभ्यर्थी थोड़े चिंतित हो गए, क्योंकि 18 अप्रैल से साक्षात्कार शुरू होना है। अभ्यर्थियों की परेशानी को दूर करते हुए आयोग ने साक्षात्कार की प्रक्रिया को लेकर स्थिति स्पष्ट की है।

नवंबर में घोषित हुआ था परिणाम

नवंबर 2023 में राज्य सेवा मुख्य परीक्षा 2021 का परिणाम घोषित हुआ, जो 290 विभिन्न पदों के लिए 1046 अभ्यर्थी उत्तीर्ण हुए। मुख्य भाग 248 पदों के लिए 794 और प्रावधिक भाग के लिए 42 पदों के लिए 252 अभ्यर्थियों का चयन हुआ। 290 में से 68 सामान्य, 34 एससी, 67 एसटी, 91 ओबीसी, 30 ईएसडब्ल्यू पद रखे थे। इनमें जिला पंजीयक, सहायक संचालक, डिप्टी कलेक्टर, डीएसपी, वाणिज्य कर अधिकारी, उप पुलिस अधीक्षक, श्रम अधिकारी, मुख्य नगरपालिका अधिकारी, अतिरिक्त सहायक विकास आयुक्त, नायब तहसीलदार, सहायक श्रम अधिकारी, वाणिज्यिक कर निरीक्षक सहित अन्य विभागों के पद शामिल है। पीएससी के अधिकारी रवींद्र पंचभाई ने बताया कि साक्षात्कार की प्रक्रिया में कोई बदलाव नहीं है। इसके लिए पैनल बन चुकी है। साथ ही गाइडलाइन भी जारी कर दी। राज्य सेवा परीक्षा 2021 के साक्षात्कार खत्म होने के बाद आयोग राज्य वनसेवा परीक्षा 2021 में चयनित अभ्यर्थियों को इंटरव्यू के लिए बुलाएंगी। आयोग ने 27 से 31 मई के बीच इंटरव्यू प्रक्रिया रखी है। 63 पद के लिए भर्तियां की जाएगी।

# डीएवीवी : चुनाव बाद होगी स्नातक प्रथम व द्वितीय वर्ष की परीक्षा

**इंदौर।** लोकसभा चुनाव के मद्देनजर देवी अहिल्या विश्वविद्यालय के अधिकांश अधिकारी-कर्मचारियों की निर्वाचन कार्य में ड्यूटी लगा दी है। इसके चलते विश्वविद्यालय ने अब तक स्नातक प्रथम व द्वितीय वर्ष की परीक्षा का शेड्यूल नहीं बनाया है। मगर इन दिनों कालेजों को निर्देश देकर विद्यार्थियों से परीक्षा फार्म भरवाए जा रहे हैं। बिना विलंब शुल्क छात्र-छात्राओं से 30 अप्रैल तक आवेदन स्वीकार किए जाएंगे। अधिकारियों के मुताबिक, परीक्षा को लेकर बुधवार को बैठक बुलाई जाएगी। इसमें स्नातक परीक्षाओं की तारीख तय की जाएगी।बीए, बीकॉम, बीएससी, बीबीए, बीसीए, बीए पत्रकारिता, बीएसडब्ल्यू प्रथम-द्वितीय वर्ष की परीक्षा अप्रैल के अंतिम सप्ताह में होना थी, लेकिन चुनाव की वजह से परीक्षा मतदान बाद करवाने पर जोर दिया जा रहा है। दोनों परीक्षाओं में करीब एक लाख 10 हजार विद्यार्थी है, जिसमें 65 हजार प्रथम वर्ष और 42 हजार द्वितीय वर्ष के छात्र-छात्राएं हैं। अधिकारियों के मुताबिक, परीक्षा शेड्यूल तय नहीं करने के पीछे कई वजह है, जिसमें अधिकारी-कर्मचारियों-प्राध्यापकों की ड्यूटी लगाना, सरकारी कालेजों को मतदान केंद्र व स्ट्रांग रूम बनाना, पर्याप्त उत्तर पुस्तिका नहीं होना जैसे कारण शामिल है। मतदान केंद्र और स्ट्रांग रूम बने कालेजों को परीक्षा केंद्र नहीं बनाया जा सकता है।

### मई में हो सकती है परीक्षा

वैसे दोनों पाठ्यक्रम में विद्यार्थियों की संख्या काफी अधिक है। इसके लिए 80-90 कालेजों में परीक्षा करवाई जाती है। परीक्षा नियंत्रक डा. अशेष तिवारी का कहना है कि परीक्षा मई में रखने की योजना है। अब परीक्षा को लेकर अगले तीन से चार दिन में निर्णय लिया जाएगा। उसके बाद सभी परीक्षाओं का टाइम टेबल जारी किया जाएगा। परीक्षा के लिए विद्यार्थियों से आवेदन भरवाए जा रहे हैं, जिसमें नियमित और स्वाध्यायी छात्र-छात्राएं शामिल हैं। 30 अप्रैल बाद आवेदन करने पर विद्यार्थियों को विलंब शुल्क भी देना है। इसमें 100 रुपये से एक हजार रुपये तक शुल्क निर्धारित किया है। वैसे कालेजों को प्रायोगिक परीक्षा भी करवानी होगी। इसके लिए वायवा करवाने वाले विशेषज्ञों के नाम तय होना बाकी हैं। यह काम विश्वविद्यालय दस दिनों में पूरा कर लेगा।

# बीबीए एलएलबी और बीए एलएलबी दसवें सेमेस्टर की परीक्षा आज से

**इंदौर।** महीनों से अटकी विधि पाठ्यक्रम की विभिन्न सेमेस्टर की परीक्षाएं शुरू होने वाली हैं। आज 16 अप्रैल से देवी अहिल्या विश्वविद्यालय ने बीकॉम एलएलबी, बीबीए एलएलबी, बीए एलएलबी दसवें सेमेस्टर की परीक्षा रखी है। इसमें एक दर्जन कालेज में पढ़ने वाले 13 हजार विद्यार्थी शामिल होंगे। आज सुबह 11 से दोपहर 2 बजे वाले सत्र में पेपर होंगे। परीक्षा पर नजर रखने के लिए विश्वविद्यालय प्रशासन ने पांच उड़नदस्ते बनाए हैं। वहीं संवेदनशील केंद्रों पर अधिकारियों की टीम भी निरीक्षण करने पहुंचेगी। अधिकारियों के मुताबिक, रिव्यू रिजल्ट में देरी की वजह से परीक्षा अप्रैल में करवानी पड़ रही है।एटीकेटी वाले विद्यार्थियों से शपथ पत्र भरवाए गए हैं। उसके आधार पर इन छात्र-छात्राओं को परीक्षा देने की अनुमति दी गई है। आज 16 से 22 अप्रैल के बीच परीक्षा चलेगी। परीक्षा नियंत्रक डा. अशेष तिवारी का कहना है कि एलएलबी पांचवें सेमेस्टर की परीक्षा 23 अप्रैल से शुरू होगी।

# इजरायल पर ईरान के बड़े हमले के बाद औंधे मुंह गिरे तेल के दाम

**नई दिल्ली, एजेंसी।** इजरायल पर ईरान के हमले के बाद कच्चे तेल की कीमतों में उछाल आने का अंदेशा जताया जा रहा था। मिडिल ईस्ट में बढ़ते तनाव के बीच तेल की कीमतों पर इसका असर पड़ने की संभावना जताई जा रही थी। एनालिस्टों का अनुमान है कि अगर यह युद्ध बड़ा रूप लेता है तो ब्रेंट क्रूड ऑयल का भाव 100 डॉलर प्रति बैरल के पार जा सकता है। हालांकि इन सबसे बीच क्रूड ऑयल की कीमतों में एशियाई बाजार में गिरावट आई है। ईरान की कार्रवाई की उम्मीद में कीमतें पहले ही बढ़ गई थीं, पिछले हफ्ते ब्रेंट क्रूड छह महीने के उच्च स्तर के करीब पहुंच गया था। जानकारों के मुताबिक, तेल बाजार को इस समय किसी भी अतिरिक्त आपूर्ति खतरे को ध्यान में रखने की आवश्यकता नहीं दिख रही है। उन्होंने कहा कि ब्रेंट क्रूड 90 डॉलर के निशान से नीचे गिर सकता है, लेकिन व्यापारियों के गाजा और यूक्रेन में संघर्षों से जुड़े जोखिमों पर ध्यान केंद्रित रहने के कारण एक बड़ी गिरावट की संभावना नहीं है। विश्लेषकों ने यह भी कहा कि हमले पर इज़राइल की प्रतिक्रिया आने वाले दिनों और हफ्तों में वैश्विक बाजारों के लिए महत्वपूर्ण होगी।




पिछले हफ्ते के अंत में, ब्रेंट क्रूड की कीमत 92.18 डॉलर प्रति बैरल हो गई, जो अक्टूबर के बाद सबसे अधिक है, लेकिन फिर गिरकर 90.45 डॉलर पर बंद हो गई। अमेरिकी ऊर्जा सूचना प्रशासन के मुताबिक, ईरान दुनिया का सातवां सबसे बड़ा तेल उत्पादक है और ओपेक तेल उत्पादकों के कार्टेल का तीसरा सबसे बड़ा सदस्य है। विश्लेषकों का कहना है कि तेल की कीमत के लिए आगे बढ़ने के लिए एक महत्वपूर्ण मुद्दा यह है कि क्या होर्मुज जलडमरूमध्य से शिपिंग प्रभावित होगी। ओमान और ईरान के बीच स्थित जलडमरूमध्य एक महत्वपूर्ण शिपिंग मार्ग है, क्योंकि दुनिया की कुल तेल आपूर्ति का लगभग 20 प्रतिशत हिस्सा इससे होकर गुजरता है।

ओपेक के सदस्य सऊदी अरब, ईरान, यूएई, कुवैत और इराक अपने द्वारा निर्यात किए जाने वाले अधिकांश तेल को जलडमरूमध्य से भेजते हैं। शनिवार को, ईरान ने होर्मुज जलडमरूमध्य से गुजरते समय इज़राइल से जुड़े एक वाणिज्यिक जहाज को जब्त कर लिया।

### दिख रही गिरावट

कच्चे तेल की कीमतों में आज भी गिरावट देखने को मिल रही है। डब्ल्यूटीआई क्रूड के दाम 33 फीसदी गिरकर 85.38 डॉलर प्रति बैरल पर हैं। वहीं ब्रेंट क्रूड की कीमत गिरकर 90/28 डॉलर प्रति बैरल हो गई है।

# सोने-चांदी के भाव पर ईरान-इजरायल तनाव का दिखेगा असर, 1 लाख के होगा पार

**नई दिल्ली, एजेंसी।** ईरान-इजरायल में तनाव के बीच अंतरराष्ट्रीय बाजार में सोना अपने नए ऑल टाइम हाई पर है। भारतीय सर्राफा मार्केट में बहुत जल्द एक लाख रुपये पर पहुंचने की उम्मीद है। सर्राफा मार्केट में शादियों के सीजन से ऐन पहले सन्नाटा है। सोने-चांदी के आसमान छूते भाव ने बाजार की रौनक छीन ली है। सोना शुक्रवार को 73174 रुपये प्रति 10 ग्राम के ऑल टाइम हाई पर बंद हुआ। चांदी भी 83819 रुपये प्रति किलो पर पहुंच गई। विशेषज्ञों का कहना है कि वर्तमान में दुनियाभर में जो परिस्थितियां बन रही हैं, उसके कारण सोने की कीमत में जल्द कमी आने के संकेत नहीं हैं। ईरान- इजरायल के बीच तनाव से सोने की कीमतों में और तेजी आ सकती है। वैश्विक फर्म गोल्डमैन सैक्स ने अनुमान लगाया है कि इस साल के अंत तक सोना 2,700 डॉलर प्रति औंस के भी पार जा सकता है। पहले यह अनुमान 2,300 डॉलर का था। वहीं, अन्य फर्म 3000 डॉलर का अनुमान जता रही हैं।

### ऑल टाइम हाई पर सोना-चांदी

विशेषज्ञों का कहना है कि फरवरी के बाद से अंतरराष्ट्रीय बाजार में सोने और चांदी की कीमतों में लगातार तेजी देखने को मिल रही है। मौजूदा समय में अंतरराष्ट्रीय बाजार में सोने का भाव रिकॉर्ड 2,424.32 डॉलर प्रति औंस के पार चला गया है। बीते हफ्ते ही इसमें चार फीसदी उछाल चुका है और यह अब तक के उच्चतम स्तर पर पहुंच गया है। चांदी की कीमत भी चार फीसदी के उछाल के साथ 29.60 डॉलर प्रति औंस पर आ गई है, जो 2021 के बाद सबसे अधिक है।



विशेषज्ञों का कहना है कि इसका असर भारतीय बाजार में भी देखने को मिल रहा है। देश में सोना 73,000 रुपये प्रति 10 ग्राम से ज्यादा पहुंच गया है, जो सर्वकालिक उच्चस्तर है। चांदी की कीमतें भी पहली बार 83 हजार रुपए प्रति किलोग्राम को पार कर गई है।

विशेषज्ञों का अनुमान है कि अंतरराष्ट्रीय स्तर यदि और तेजी आती है तो घरेलू बाजार में अगले साल के शुरुआत महीनों में सोना एक लाख रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर तक पहुंच सकता है। चांदी भी एक लाख रुपये प्रतिकिलो तक पहुंच सकती है। इन दिनों सोने और चांदी की कीमतों ने सभी रिकॉर्ड तोड़ दिए हैं और नए ऑल टाइम हाई पर पहुंच गए हैं। विशेषज्ञों का कहना है कि जिस तरह से दुनिया में भू-राजनीतिक संकट बढ़ रहा है, इससे इनकी कीमतों में और तेजी देखने को मिल सकती है। यह निवेश के लिए सही समय भी साबित हो सकता है। जो इसके लिए मन बना रहे हैं, उनके लिए गोल्ड और सिल्वर ईटीएफ अच्छे विकल्प साबित हो सकते हैं। भौतिक सोने के मुकाबले इनसे अधिक मुनाफा हो सकता है।

### क्या है गोल्ड और सिल्वर ईटीएफ

एक्सचेंज-ट्रेडेड फंड्स यानी ईटीएफ निवेश के सबसे सस्ते विकल्पों में से एक है। इन्हें शेयरों की तरह स्टॉक एक्सचेंज में खरीदा और बेचा जा सकता है। इसके लिए डीमैट खाता खुलवाना जरूरी होता है। गोल्ड या सिल्वर ईटीएफ को शेयरों की तरह तय मात्रा में एकमुश्त रकम देकर या एसआईपी के जरिए खरीदा जा सकता है। 100 रुपये की न्यूनतम राशि से भी निवेश किया दा सकता है। अधिकतम राशि की कोई सीमा तय नहीं है।

यह डीमैट खाते में नेट एसेट वैल्यू की तरह प्रदर्शित होते हैं। इसमें कोई लॉक इन पीरियड नही होता है। जब जरूरत हो या ईटीएफ के दाम बढ़ने या घटने लगें तो इन्हें बेचा जा सकता है। कुछ कंपनियां इन ईटीएफ को जारी करती हैं। यह योजना उन निवेशकों के लिए बेहतर विकल्प है, जो लंबी अवधि में अधिक मुनाफा चाहते हैं।

आंकड़ों के अनुसार, इस साल आई तेजी से सोने ने अब तक 13.6 फीसदी का मुनाफा दिया है। बीते छह महीनों में रिटर्न 25.5 फीसदी और बीते एक साल में 17.8 फीसदी रहा है। वहीं, गोल्ड ईटीएफ में औसत रिटर्न बीते एक वर्ष 15 से 18 फीसदी के आसपास रहा है। वहीं, पिछले 3 महीनों में चांदी ने 13 फीसदी का जबरदस्त रिटर्न दिया है। वहीं, सिल्वर ईटीएफ में औसत रिटर्न बीते एक वर्ष में सात से आठ फीसदी के बीच रहा है।

### निवेश में सावधानी भी जरूरी

विशेषज्ञों ने यह भी सलाह दी है कि सोने और चांदी में आई तेजी को देखते हुए सावधानी बरतने की भी जरूरत है। उनका कहना है कि निवेशकों को चाहिए कि वे अत्यधिक उत्साहित होकर एक साथ सोने-चांदी में निवेश ना करें। बल्कि धीरे-धीरे पैसा लगाएं। इसका फायदा यह होगा कि यदि इनके दाम में गिरावट आती है तो निवेशक को एवरेज करने का मौका मिल जाएगा। उनका पैसा लंबे समय के लिए फंसेगा नहीं। जिस तरह से सोने-चांदी के दाम में तेजी देखने को मिली है, उससे कुछ करेक्शन देखने को मिल सकती है। गोल्ड और सिल्वर ईटीएफ में निवेश शेयर बाजार के माध्यम से किया जा सकता है। यह बीएसई और एनएसई दोनों स्टॉक एक्सचेंज पर उपलब्ध है। इसके लिए ब्रोकर के माध्यम से डीमैट खाता खोलना होगा। - अलग-अलग निवेश कंपनियां गोल्ड और सिल्वर ईटीएफ में निवेश के विकल्प उपलब्ध कराती हैं। ब्रोकर के ऐप पर जिस ईटीएफ में निवेश करना चाहते हैं, उसका और स्टॉक एक्सचेंज का चयन करें। फिर निवेश का तरीका चुनें। यहां एकमुश्त और एसआईपी के विकल्प दिखाई देंगे। एक साथ पैसा नहीं लगा सकते हैं तो मासिक एसआईपी का विकल्प चुन सकते हैं।

# NTA launched new websites for JEE Main, NEET UG, CUET UG exams

The National Testing Agency (NTA) for the 2024 session exams has launched new websites including for JEE Main, NEET and CUET. Candidates can now find information and updates for the national level entrance exams, including JEE Main, NEET UG, and CUET UG, on the new centralised NTA website dedicated to exams — exams.nta.ac.in The website seeks to offer easy navigation to dedicated pages for each exam, ensuring a streamlined experience for all test-takers.

The Joint Entrance Examination (JEE Main) is conducted to get admission into the engineering colleges and to qualify for JEE Advanced in India. It is conducted in a hybrid mode. Paper 1 (B Tech/BE) is conducted online, while Paper 2 (B Arch) offers online sections for Aptitude and Maths and an offline (pen and paper) section for drawing. The JEE Main 2024 second session exam was held from April 4 to April 12 and result will be declared on April 25.

The January Session result was released on February 12, 2024, for exams conducted from January 24 to February 1. If a candidate appears in both sessions, the best JEE Main 2024 score will be considered for merit and rank.

**CUET UG 2024**

NTA this year has changed the host website address for the Common University Entrance Test Undergraduate (CUET UG). The new website is exams.nta.ac.in/CUET-UG/. Earlier, all the information was uploaded on cuet.samarth.ac.in. Further, all CUET UG related information — admit cards, result, notifications etc — will be released on the new platform launched by NTA.

Those seeking admission to undergraduate programmes in central universities and other participating institutions can appear for the Common University Entrance Test (UG)- 2024.

The exams are scheduled between May 15 and 31, and the results will be declared on June 30.

**NEET UG 2024**

The new NEET UG official website is neet.ntaonline.in. The National Eligibility cum Entrance Test for Undergraduates (NEET UG) is an exam for students seeking admission to medical programs like MBBS, BDS, AYUSH courses (BAMS, BUMS, BYNS, BHMS, BSMS), veterinary science (BVSc & AH) programs and nursing courses. Passing NEET UG grants eligibility for medical education in approved Indian institutions.

The NEET UG 2024 exam will be held on May 5. Results will be declared on June 14.

A senior officer from NTA explained the reason for the change in website and said: “Till now, NIC (National Informatics Centre) used to host the online application forms of the JEE Main. Now NTA has developed this new platform and is in the process of using its own server for activities related to hosting the online application forms, and generating the city intimation slip, admit card, and score card, etc,”. The new website also has an automated chat feature that serves as an online assistant for aspirants. Students can find this online chat option at the bottom right corner.



# इन चीजों के कारण

## गंदा नजर आता है घर

हर व्यक्ति हमेशा अपने घर को साफ-सुथरा रखना चाहता है। एक साफ घर न केवल अच्छा दिखता है, बल्कि सकारात्मकता भी लाता है। वहीं दूसरी ओर अगर घर गंदा व अव्यवस्थित नजर आए तो इससे मन भी अशांत होता है और घर में नकारात्मकता भी पैदा होती है। हो सकता है कि आप घर को साफ-सुथरा रखते हो, लेकिन फिर भी वह मैसी व गंदा नजर आता हो। ऐसा घर में मौजूद कुछ चीजों के कारण होता है। हालांकि अगर आप इन्हें सही तरह से रखने पर ध्यान देते हैं तो इससे आपका घर हर समय अधिक व्यवस्थित दिखेगा। तो चलिए आज हम आपको कुछ ऐसी ही चीजों के बारे में बता रहे हैं, जिनकी वजह से आपका घर हमेशा गंदा नजर आता है-

### भरी हुई किचन स्लैब

हम सभी जानते हैं कि एक भरी हुई किचन स्लैब हमेशा गंदी नजर आती है। ऐसे में आपको स्लैब को पहले क्रमबद्ध रखना चाहिए। इसके लिए आपको कुछ बातों का ध्यान रखना है। मसलन, किचन में एक साथ एक ही समय में 2 से 3 कार्य ना करें। जिस क्षण आप एक कार्य पूरा करते हैं, तो पहले उसे साफ करें। उसके बाद ही आप किचन में दूसरा काम फैलाएं।

### बदबूदार पोंछे व मॉप्स

भले ही आपने अपने किचन को साफ सुथरा रखा हो, लेकिन अगर वहां पर बदबूदार मॉप और पोंछे हैं तो इससे आपकी किचन व घर गंदा लगता है। ताजा और साफ मोप हमेशा आपके घर को एक अच्छा इफेक्ट देते हैं और इससे आपकी रसोई भी सुव्यवस्थित दिखती है।

### भरी हुई डाइनिंग टेबल

हममें से अधिकतर लोग इस पर ध्यान नहीं देते हैं लेकिन अपनी डाइनिंग टेबल को साफ-सुथरा और क्लटर फ्री रखना भी बहुत जरूरी है। अमूमन लोग डाइनिंग टेबल पर कटलरी के अलावा, टिश्यू, नमक, काली मिर्च, सॉस और अचार आदि रखते हैं। लेकिन इससे डाइनिंग टेबल काफी भरी और गंदी नजर आती है। इसलिए, हो सके तो डाइनिंग टेबल को मिनिमल ही रखें, इससे आपका लिविंग रूम व डाइनिंग एरिया उतना ही बेहतर लगेगा।

### बिना लिड की लॉन्ड्री बास्केट

अमूमन घर में हम गंदे कपड़ों को रखने के लिए लॉन्ड्री बास्केट का इस्तेमाल करते हैं, लेकिन इससे घर काफी मैसी लगता है। इसलिए बेहतर होगा कि अगर आप लॉन्ड्री बास्केट का इस्तेमाल कर रहे हैं तो यह सुनिश्चित करें कि उसके साथ ढक्कन जरूर हो। कवर वाला लॉन्ड्री बास्केट देखने में अव्यवस्थित नहीं लगता है। लॉन्ड्री बास्केट की तरह आपको डस्टबिन को भी बिना लिड के नहीं रखना चाहिए। यह देखने में काफी गंदा लगेगा।

### भरी हुई बालकनी

अक्सर घरों में लोग बालकनी को स्टोरेज की तरह यूज करते हैं। उस एरिया को ब्यूटीफुल बनाने के लिए प्लांट्स तो लगाते हैं, लेकिन छोटी बालकनी में रखीं कुर्सियां व स्टूल्स आदि उसे भरा-भरा दिखाते हैं। इसलिए अपनी बालकनी को थोड़ा स्पेशियस ही बनाए रखें। अगर आप वहां पर सिटिंग अरेंजमेंट कर रहे हैं तो यह सुनिश्चित करें कि वह बहुत अधिक जगह ना घेरे।



# रिश्तेदारों ने सवाल और ताने से कर दिया है परेशान तो ऐसे करें उन्हें हैंडल

**यदि सही उम्र में शादी के बंधन में ना बंधों तो नाते-रिश्तेदारों में कई तरह की बातें शुरू हो जाती है। खासतौर पर लेट शादी करने पर रिश्तेदारों से ताने सुनने के लिए मिलते हैं। ऐसे में खुद को शांत रखते हुए ऐसे रिश्तेदारों को कैसे हैंडल करना चाहिए आप यहां जान सकते हैं।**

रिश्तेदार जीवन में सुख-दुख के साथी के रूप में देखे जाते हैं। लेकिन कुछ रिश्तेदार ऐसे होते हैं, जो आपको दुख में देखकर ही खुश होते हैं। वक्त रहते ऐसे रिश्तेदारों से दूरी हो जाना ही बेहतर होता है। ऐसे लोग छोटे-छोटे मुद्दे को इतना बड़ा बना देते हैं, कि कई बार व्यक्ति मानसिक रूप से बहुत परेशान हो जाता है। खासतौर यदि बात शादी-ब्याह की हो फिर तो उनके मुंह पर लगाम लगा पाना असंभव सा काम होता है। ऐसे में यदि आप भी इस तरह के परिस्थिति का सामना कर रहे हैं, तो इस लेख में बताए गए टिप्स आपके बहुत काम आ सकते हैं।

### बातों को जितना हो सके अनसुना करें

रिश्तेदारों के तानों से बचने का सबसे अच्छा तरीका है कि आप उनकी बातों को जितना हो सके उतना अनसुना करें। क्योंकि आप जितने बार उन्हें पलटकर जवाब देंगे वह उतनी बार आपको अपने तानों से परेशान करेंगे। वास्तव में वह यही चाहते हैं, कि आप उनके हर बेतुके सवाल का जवाब दें और फिर उन्हें मौका मिले आपको गलत सही का पाठ पढ़ाने का।

### प्यार से अपना पक्ष रखें

शादी करना या नहीं करना बहुत ही व्यक्तिगत फैसला होता है। इसे कभी भी किसी के बहकावे में आकर नहीं करना चाहिए। इसलिए जब भी कोई रिश्तेदार आपको इसे लेकर ताने मारे या तरह-तरह से शादी करने का दबाव बनाए तो कोशिश करें कि आप एक बार शांत दिमाग से उन्हें अपना पक्ष समझा दें।

### रिश्तेदारों को बताएं उनकी लिमिट

हर रिश्ते की एक अपनी एक मर्यादा होती है। इसलिए रिश्ते में प्यार बरकरार रहे इसके लिए एक-दूसरे का सम्मान करना बहुत जरूरी है। ऐसे में यदि कोई रिश्तेदार इस बात का ध्यान नहीं रखता है तो यह जरूरी है कि आप उसे इस बात का ध्यान कराएं कि उन्हें किस तक आपके जीवन के बारे में बोलने का हक है।

### जवाब देना भी जरूरी

यदि आपके रिश्तेदार बार-बार समझाने के बाद भी आपको ताने देना नहीं बंद कर रहे हैं, तो आपको उन्हें करारा जवाब देने की जरूरत हैं। क्योंकि ऐसे लोग आपकी चिंता नहीं करते बल्कि आपको चिंता में देखकर खुश रहते हैं। इसलिए वह जब भी आपसे मिलेंगे कुछ ना कुछ ऐसा जरूर कहेंगे जिससे आपका मूड खराब हो सके।



# परिस्थितियों का करें पूरी हिम्मत से सामना

जीवन में परिस्थितियां कब बदल जाएं, हम कह नहीं सकते। कभी जो हमारे बेहद करीब थे, वो कब हमसे दूर चले जाएं, कहा नहीं जा सकता। लेकिन मजबूत इंसान वही है, जो हर परिस्थितियों का सामना पूरी हिम्मत से करता हो। हम में से ऐसे कई लोग होंगे जिन्होंने कभी न कभी अपनों को खोया होगा। लेकिन कुछ लोग इससे उबर जाते हैं, तो कुछ खुद को हमेशा उसी परिस्थिति में पाते हैं। अपनों को खोने का दर्द बहुत गहरा होता है। खासकर उस अपने को, जो हमारे बेहद करीब थे। लेकिन इन परिस्थितियों से निकलना बहुत जरूरी होता है। सही समय पर हिम्मत के साथ आगे बढ़ना जरूरी है। आखिर कैसे हम इस पूरी परिस्थिति से निकल सकते है? कैसे खुद को मजबूत रख सकते है? आइए जानते हैं।

हमेशा इस बात का ध्यान रखें कि हमारे अपने कभी-भी हमारी आंखों में आंसू नहीं देख सकते। यदि आप उन्हें याद करके दु:खी हो रहे हैं, तो इसका मतलब है कि आप उन्हें भी दुख पहुंचा रहे हैं। कोशिश करें कि खुद को आप मजबूत बनाए रखें। यादों से निकलकर वर्तमान के बारे में सोचिए। जानते हैं यह बहुत मुश्किल है। लेकिन यही हिम्मत आपको इस दु:ख से निकाल सकती है। आपके साथ मौजूद आपके अपने आपको इस परिस्थिति में देखकर कितने दु:खी होंगे? खुद को व्यस्त रखें। आपका व्यस्त रहना बेहद आवश्यक है। आप कुछ नया सीखने की कोशिश करें जिससे कि खुद को व्यस्त रख सकें। दूसरों के साथ समय बिताएं, अकेले न रहें। कोशिश करें कि आप अपने आसपास मौजूद लोगों के साथ समय बिताएं जिससे कि आपको अकेले रहने का समय ही न मिले। रात में सोने से पहले अच्छी किताब पढ़ें। किताबें इंसान की सबसे अच्छी मित्र होती हैं।

अगर आपको पेट्स पालने का शौक है, तो घर में जरूर एक नया मेहमान लेकर आएं। यह आपके मूड को फ्रेश भी रखेगा, साथ ही आप इनके साथ व्यस्त भी रहेंगे।



# सिल्क की साड़ी को इस तरह से करें वॉश


महिलाएं ट्रेडिशनल लुक के लिए सिल्क की साड़ी पहनना पसंद करती हैं। बॉलीवुड एक्ट्रेस से लेकर आम महिलाएं सिल्क की साड़ी पहनती हैं। सिल्क की साड़ी की एक अलग ही चमक होती हैं। सिल्क साड़ी बहुत महंगी आती है। जिसकी वजह से साड़ी की केयर करना बहुत जरुर होता है। अगर सिल्क की साड़ी की सही से केयर ना की जाए तो साड़ी की चमक खो जाती है। महिलाएं सिल्क साड़ी को घर में वॉश नहीं करती है बल्कि ड्राई क्लीनिंग के लिए देती हैं। लेकिन हर बार साड़ी को ड्राई क्लीनिंग में देना काफी महंगा पड़ता है। आप सिल्क की साड़ी को घर में भी साफ कर सकती हैं। सिल्क की साड़ी को घर में सही तरीके से धोने से ना तो साड़ी की चमक कम होती है और ना ही साड़ी खराब होती हैं। चलिए जानते है सिल्क की साड़ी को वॉश करने का सही तरीका।

### हाथ से धोना

सिल्क की साड़ी को घर पर हाथ से धोना चाहिए। सिल्क की साड़ी को धोने के लिए सबसे पहले आप एक बाल्टी में पानी लें। पानी सिल्क साड़ी वाला डिटर्जेंट पाउडर लें। अगर आप के पास डिटर्जेंट नहीं तो आप बेबी शैंपू का यूज़ कर सकती हैं। इसके बाद साड़ी को पांच मिनट के लिए पानी में भिगोएं। इसके बाद सिंपल पानी डाले। इस पानी में थोड़ा सा व्हाइट विनेगर डाले। विनेगर डालने से साड़ी से अतिरिक्त साबुन हट जाता है। इसके बाद तीसरी बार पानी डालकर फैब्रिक कंडीशनर मिक्स करें। इसके बाद साफ और सूखे कपड़े के ऊपर सिल्क साड़ी को रखकर रोल करें। अब टॉवल को हल्के से दबाकर साड़ी से अतिरिक्त पानी बाहर निकाल दें। इसके बाद साड़ी को दूसरे सूखें टावल पर रखें और हवा में सूखने दें।


### सिल्क की साड़ी का दाग

अगर आपकी सिल्क की साड़ी पर दाग लग गया है तो आप इन बतों का ध्यान दें। दाग लगने के तुरंत बाद उसे साफ कर दें। दाग सूखने के बाद उसके निशान को हटाना काफी मुश्किल होता है। इसके अलावा आप व्हाइट विनेगर और नींबू के रस की मदद से दाग हटा सकते हैं।



### इन बातों का रखें ख्याल

सिल्क साड़ी को वॉश करने से पहले उसका रंग का टेस्ट जरुर करें। सिल्क साड़ी का कलर तो नहीं निकल रहा है। सिल्क साड़ी का क्लीनिंग डिटर्जेंट सॉफ्ट होना चाहिए। क्योंकि हार्ट और ब्लीच आपकी साड़ी को खराब कर सकती है।



**नेल पॉलिश लगाने से पहले नाखून काटने के साथ ही उसे सही शेप देना भी जरूरी है। साथ ही नाखून को सुखाना भी जरूरी है, क्योंकि गीले नाखून पर नेल पेंट लगाने से कोट अच्छी तरह नहीं चढ़ता है और वह जल्दी छूट जाता है। नेल पॉलिश हाथों की खूबसूरती बढ़ाता है, लेकिन नेल पेंट यदि सही तरीके से न लगाया जाए तो यह हाथों की खूबसूरती बढ़ाने की बजाय बिगाड़ सकता है।**

# हाथों की खूबसूरती बढ़ाने में अहम भूमिका निभाता है नेल पेंट, लेकिन...

नाखूनों की सुंदरता बढ़ाने के लिए नेल पॉलिश को सही तरीके से लगाना और नाखूनों की सही देखभाल भी जरूरी है। ब्यूटी एक्सपर्ट्स के अनुसार, नेल पेंट आपके हाथों की खूबसूरती बढ़ाने में अहम भूमिका निभाता है, लेकिन इसे सही तरीके से अप्लाई करना जरूरी है, तभी यह परफेक्ट दिखता है।

### हाथों का रखें ख्याल

यदि आपके हाथ रूखे होंगे तो कितनी भी अच्छी नेल पॉलिश क्यों न लगा लें, उसकी खूबसूरती उभरकर नहीं आएगी। इसलिए समय-समय पर मेनिक्योर कराती रहें, इससे हाथ और नाखून दोनों साफ और सुंदर रहते हैं और नेल पेंट का रंग उभरकर दिखता है।

### नाखून को शेप

ब्यूटी एक्सपर्ट्स के अनुसार, नेल पॉलिश लगाने से पहले नाखून काटने के साथ ही उसे सही शेप देना भी जरूरी है। साथ ही नाखून को सुखाना भी जरूरी है, क्योंकि गीले नाखून पर नेल पेंट लगाने से कोट अच्छी तरह नहीं चढ़ता है और वह जल्दी छूट जाता है।

### बेस कोट

यदि आप चाहती हैं नेल पेंट का रंग सही तरह से चढ़े, तो पहले ट्रांस्पेरेंट बेस कोट लगाना जरूरी है। नेल पेंट को ब्रश से पहले नाखून के बीच से लगाना शुरू करें और फिर पूरे नाखून पर लगाकर अच्छी तरह सुखा लें।

### पहला कोट लगाएं

ब्यूटी एक्सपर्ट्स के अनुसार, जब ट्रांस्पेरेंट बेस कोट सूख जाए, तब अपनी पसंद की कोई भी नेलपॉलिश लगाएं। पहला कोट लगाने के बाद जब वह अच्छी तरह सूख जाए, तो आप चाहे तो दूसरा कोट लगा सकती हैं। इसे अच्छी तरह सेट करने के लिए आप बर्फ के पानी में उंगलियां डुबोकर रखें। इससे नेल पॉलिश में चमक आ जाएगी।

### किनारों को साफ कर लें

यदि नेल पॉलिश लगाते समय किनारों में फैल गई है, तो उसे रिमूवर से साफ कर लें।

### इन बातों का भी रखें ध्यान

- आप नेल पेंट को जल्दी सुखाना चाहती हैं, लेकिन इसके लिए पंखा चालू करके नेल पॉलिश न लगाएं, वरना नेल पेंट सूख जाएगा।
- यदि पहला कोट ठीक से नहीं लगा है, तो दूसरा कोट अप्लाई करे वह स्मूद दिखने लगेगा।
- नेल पॉलिश रिमूव करने के बाद कुछ दिनों तक नाखूनों को ऐसे ही रहने दें और नेल क्रीम लगाएं, इससे नाखूनों की चमक बढ़ेगी।
- पैर की उंगलियों में नेल पॉलिश लगाते समय दो उंगलियों के बीच में कॉटन लगा ले, इससे नेल पेंट फैलेगा नहीं।
- नेल पॉलिश लगाने से पहले बोतल को अच्छी तरह शेक कर लें।
- हमेशा अच्छी क्वालिटी की नेल पॉलिश ही इस्तेमाल करें, जो ज्यादा दिनों तक टिकती है और नाखूनों को नुकसान नहीं पहुंचाती।

### ... माही के 3 छक्कों से थर्रा गया वानखेड़े

# रोहित शर्मा के शतक पर भारी पड़े महेंद्र सिंह धोनी के 20 रन




**मुंबई, एजेंसी।** इंडियन प्रीमियर ली 2024 सीजन में रविवार ( 14 अप्रैल ) चेन्नई सुपर किंग्स और मुंबई इंडियंस के बीच धांसू मैच खेला गया. इस मुकाबले में महेंद्र सिंह धोनी के 20 रनों से रोहित शर्मा का नाबाद शतक हार गया. मैच में धोनी ने मैदान में उतरते ही तूफानी अंदाज में 3 करारे छक्के जड़े, जिससे पूरा वानखेड़े स्टेडियम थर्रा गया. धोनी ने 4 गेंदों पर नाबाद 20 रन बनाए और यही रन मैच में जीत-हार का अंतर साबित हुए. चेन्नई ने 20 रनों से ही मुंबई को करारी शिकस्त दी.

### रोहित 63 गेंदों पर खेली नाबाद 105 रनों की शतकीय पारी

यह जीत इसलिए भी खास रही, क्योंकि मुकाबले में मुंबई इंडियंस के पूर्व कप्तान रोहित शर्मा 63 गेंदों पर 105 रनों की शतकीय पारी खेलकर नाबाद रहे थे, लेकिन वो टीम को मैच नहीं जिता सके. रोहित दूसरे छोर पर खड़े होकर अपनी टीम को हारते हुए देखते रहे.

दरअसल, यह कहानी शुरू होती है चेन्नई की पारी से. मैच में टॉस हारकर पहले बैटिंग करते हुए चेन्नई टीम ने 19.2 ओवर में 186 रन बना दिए थे. पारी की सिर्फ 4 गेंद बची थीं और धोनी नए बल्लेबाज के रूप में क्रीज पर आए थे. यह आखिरी ओवर मुंबई टीम के कप्तान और तेज गेंदबाजी ऑलराउंडर हार्दिक पंड्या कर रहे थे.

### धोनी के लगातार 3 छक्कों से थर्रा गया वानखेड़े स्टेडियम

धोनी ने मैदान में आते ही लगातार 3 छक्के जमा दिए और स्कोर 200 के पार पहुंचाया. फिर आखिरी बॉल पर धोनी ने 2 रन लिए. इस तरह माही ने अपनी पारी में 4 गेंदों पर 20 रन बनाए. यही मैच का असली जीत का अंतर साबित हुए, क्योंकि मुंबई ने भी 20 ओवर में 6 विकेट पर 186 रन बना दिए थे. यदि धोनी के यह 20 रन नहीं आते तो मैच का नतीजा कुछ और हो सकता था, क्योंकि रोहित शतक लगाकार नाबाद ही मैदान से लौटे हैं. मगर धोनी ने जब यह 3 छक्के लगाए, तब पूरा वानखेड़े स्टेडियम झूम उठा. फैन्स चाहे चेन्नई के हों या मुंबई के... लगभग सभी ने माही के तीन छक्कों का जमकर जश्न मनाया.

### धोनी के बाद पथिराना का जलवा... 4 विकेट लेकर मैच पलटा

मैच में चेन्नई ने 207 रनों का टारगेट सेट किया, जिसके जवाब में मुंबई की टीम 6 विकेट गंवाकर 186 रन ही बना सकी. 105 रनों की नाबाद शतकीय पारी खेलने वाले हिटमैन एक छोर पर खड़े रहे, लेकिन दूसरी ओर से कोई भी बल्लेबाज उनका साथ नहीं दे सका.

दूसरी ओर चेन्नई टीम के तेज गेंदबाज मथीशा पथिराना ने 4 विकेट लेकर पूरी बाजी ही पलट दी. पथिराना ने ईशान किशन, सूर्यकुमार यादव, तिलक वर्मा और रोमारियो शेफर्ड को अपना शिकार बनाया. मुंबई के लिए रोहित के अलावा तिलक वर्मा ने 31 रन बनाए. जबकि चेन्नई के लिए पथिराना के अलावा तुषार देशपांडे और मुस्ताफिजुर रहमान ने 1-1 विकेट लिया.

### शिवम- गायकवाड़ ने जड़ी ताबड़तोड़ फिफ्टी





मैच में टॉस हारकर पहले बैटिंग करने उतरी चेन्नई टीम की शुरुआत अच्छी नहीं रही थी. उन्होंने 8 रनों पर पहला विकेट गंवा दिया. ओपनिंग आए अजिंक्य रहाणे 5 रन बनाकर कैच आउट हुए. मगर उसके बाद कप्तान ऋतुराज गायकवाड़ ने पारी को संभाला और 33 गेंदों पर फिफ्टी जमाई. इसके बाद शिवम दुबे ने 28 गेंदों पर फिफ्टी जड़ी.

गायकवाड़ ने मैच में 40 गेंदों पर 69 रनों की पारी खेली. जबकि शिवम दुबे ने 38 गेंदों पर नाबाद 66 रन जड़ दिए. इसके बदौलत चेन्नई टीम ने 4 विकेट गंवाकर 206 रन बनाए. दूसरी ओर मुंबई टीम का कोई भी गेंदबाज कमाल नहीं दिखा सका. हार्दिक पंड्या ने 2 विकेट लिए. जबकि तेज गेंदबाज गेराल्ड कोएत्जी और स्पिनर श्रेयस गोपाल ने 1-1 विकेट अपने नाम किया.



# बुंडेसलिगा में बेयर लेवरकुसेन की खिताबी जीत

**बर्लिन, एजेंसी।** बायर्न म्यूनिख द्वारा लीग पर 11 साल तक लगातार दबदबा बनाए रखने के बाद, बेयर लेवरकुसेन ने आखिरकार रविवार को वेर्डर ब्रेमेन को 5-0 से हराकर बुंडेसलीगा का खिताब जीत लिया।

29वें राउंड के समापन पर वेर्डर ब्रेमेन पर शानदार जीत के बाद, लेवरकुसेन ने पांच राउंड शेष रहते हुए अपना पहला बुंडेसलीगा खिताब जीता। रिपोर्ट के अनुसार, मैच की शुरुआत से ही लेवरकुसेन ने अपना पक्ष हावी रखा और लगातार विरोधी टीम पर दबाव बनाने की कोशिश की।

लेवरकुसेन के प्रयासों का फल तब मिला जब विक्टर बोनीफ़ेस ने 22वें मिनट में पेनल्टी को गोल में तब्दील किया। फिर, वेर्डर ब्रेमेन ने कई बार कोशिश की लेकिन मेजबान टीम का दबदबा कायम रहा। लेवरकुसेन के गोलकीपर लुकास ह्राडेकी ने कई शानदार बचाव किए। दूसरे हाफ में एक बार फिर लेवरकुसेन ने अटैक करना शुरू किया और ग्रैनिट ज़ाका ने 60वें मिनट में टीम की बढ़त दोगुनी कर दी। इसके बाद फ्लोरियन विर्ट्ज़ ने 68वें मिनट में एक शक्तिशाली शॉट के साथ टीम की बढ़त 3-0 की। इतना ही नहीं उन्होंने हैट्रिक जमाते हुए 83वें और 90वें मिनट में अपनी टीम के लिए ऐतिहासिक जीत पक्की कर दी। इस जीत के साथ लेवरकुसेन प्रतियोगिताओं में 43 मैचों से अजेय के अपने रिकॉर्ड पर कायम है। टीम के लिए यह एक उल्लेखनीय उपलब्धि है, जिसमें इस सीज़न में बुंडेसलीगा में 29 मैचों की अजेय श्रृंखला शामिल है। साथ ही उन्होंने अपने नाम रिकॉर्ड 79 अंक अर्जित किए हैं। फ्लोरियन विर्ट्ज़ ने कहा, मुझे अभी भी एहसास नहीं हो रहा है कि हमने क्या हासिल किया है।

# पलक ने शूटिंग में जीता 20वां ओलिंपिक कोटा



**नईदिल्ली, एजेंसी।** पलक ने रविवार को ब्राजील के रियो डी जनेरियो में ढ्ढस्स्न्न फाइनल ओलिंपिक क्वालिफिकेशन चैंपियनशिप में महिलाओं की 10 मीटर एयर पिस्टल में ब्रॉन्ज मेडल जीतने के साथ ही भारत के लिए 20वां पेरिस 2024 ओलिंपिक कोटा हासिल किया।

18 साल की पलक ने 217.6 का स्कोर किया। वहीं आर्मेनिया की एल्मिरा करापेटियन ने 240.7 के स्कोर के साथ गोल्ड जबकि थाईलैंड की कामोनलाक साएंचा ने 240.5 के साथ सिल्वर मेडल जीता। वहीं भारतीय शूटर सान्याम 176.7 के स्कोर के साथ पांचवें स्थान पर रहीं।

### गोल्ड जीतने वाली शूटर ने पहले ही हासिल कर लिया था ओलिंपिक कोटा

फाइनल में पलक की शुरुआत अच्छी नहीं रही। वहीं थाईलैंड की कामोनलाक साएंचा और हंगरी की मेजर वेरोनिका ने ओलिंपिक कोटा के लिए हो रही प्रतियोगिता में शुरुआत में ही अच्छी बढ़त बना ली। हालांकि, दबाव के बाद भी पलक ने वापसी करते हुए एलिमिनेशन स्टेज के दौरान अच्छा प्रदर्शन किया।

वेरोनिका को पांचवें राउंड में हार का सामना करना पड़ा और उन्हें चौथे स्थान से संतुष्ट होना पड़ा। वहीं पहले स्थान पर रही एल्मिरा करापेटियन पहले ही ओलिंपिक कोटा हासिल कर चुकी थी, ऐसे में सिल्वर जीतने वाली साएंचा और ब्रॉन्ज जीतने वाली पलक को ओलिंपिक कोटा मिल गया।

### पलक एशियन गेम्स में जीत चुकी हैं मेडल

पलक गुलिया ने पिछले साल हुए एशियन गेम्स में 10 मीटर एयर पिस्टल में गोल्ड मेडल जीता था। जबकि भारत की ईशा सिंह ने सिल्वर मेडल जीता था।

# आईपीएल के लाइव मैच के वीडियो या फोटो पोस्ट करने पर बीसीसीआई ने लगाई पाबंदी !



**नई दिल्ली, एजेंसी ।** आईपीएल के मंच पर मैच तो कमाल के होते हैं, लेकिन इसके साथ कई विवाद भी सामने आते हैं। एक बार फिर कुछ ऐसा ही हुआ है। जब भारत के एक पूर्व बल्लेबाज ने आईपीएल मैच के दौरान कमेंट्री करते हुए अपनी तस्वीर खींची और उसे सोशल मीडिया पर पोस्ट कर दिया तब काफी बवाल हुआ था।

रिपोर्ट के अनुसार, इसके तुरंत बाद, पूर्व भारतीय बल्लेबाज को बीसीसीआई स्टाफ द्वारा पोस्ट को हटाने के लिए कहा गया। अब बीसीसीआई ने कमेंटेटर्स, खिलाड़ियों और टीमों पर आईपीएल मैच के दौरान फोटो, वीडियो बनाने या अपलोड न करने का निर्देश दिया है। अगर फिर भी कोई नियमों का उल्लंघन करना है तो उसके खिलाफ कड़ी कार्रवाई होगी। अधिकारियों ने यह भी बताया कि कुछ खिलाड़ियों ने हाल ही में मैच के दिनों की तस्वीरें शेयर की थी और उन्हें इन पोस्ट को डिलीट का निर्देश दिया गया था। इस रिपोर्ट में यह भी बताया गया है कि एक आईपीएल टीम ने मैच का लाइव वीडियो स्ट्रीम कर दिया था, जो कि नियमों का उल्लंघन है और बीसीसीआई ने उस पर 9 लाख का जुर्माना लगाया था।

आईपीएल ब्रॉडकास्टर ने मैच टेलीकास्ट राइट्स के लिए बीसीसीआई को हजारों करोड़ रूपए दिए हैं और इसलिए फोटो और वीडियो पर उन्हीं का अधिकार है।

# रोहित के साथ 13 साल बाद दोहराई सचिन तेंदुलकर जैसी कहानी

### ये संयोग उड़ा देंगे आपके भी होश

**मुंबई, एजेंसी।** मुंबई इंडियंस वर्सेस चेन्नई सुपर किंग्स आईपीएल 2024 का 29वां मुकाबला रविवार 14 अप्रैल की रात मुंबई के वानखेड़े स्टेडियम में खेला गया था। इस मैच में सीएसके ने एमआई को 20 रनों से पटखनी देकर सीजन की चौथी जीत दर्ज की। एमआई के लिए पूर्व कप्तान रोहित शर्मा ने शतक जरूर जड़ा, मगर वह अपनी टीम को जीत की दहलीज पार नहीं करवा पाए। चेन्नई ने इस मैच में पहले बैटिंग करते हुए मुंबई के सामने जीत के लिए 207 रनों का लक्ष्य रखा था, इस स्कोर का पीछा करते हुए एमआई निर्धारित 20 ओवर में 186 ही रन बना पाई। रोहित शर्मा ने इस दौरान 105 रनों की नाबाद पारी खेली। इस पारी के साथ हिटमैन की सचिन तेंदुलकर के खास क्लब में एंट्री हो गई है। रोहित शर्मा सचिन तेंदुलकर के बाद आईपीएल में शतक लगाने वाले दूसरे सबसे उम्रदराज भारतीय बन गए हैं। सचिन ने आईपीएल का अपना एकमात्र शतक 2011 में कोच्चि टस्कर्स केरल के खिलाफ जड़ा था। सचिन की उम्र उस दौरान 37 और 356 दिन की थी।

वहीं रोहित शर्मा ने चेन्नई सुपर किंग्स के खिलाफ 36 साल 350 दिन की उम्र में यह सेंचुरी लगाई है। इन दोनों ही दिग्गजों के इस शतक में कुल 3 समानताएं थी।

- सचिन तेंदुलकर और रोहित शर्मा ने यह शतक मुंबई इंडियंस की ओर से खेलते हुए जड़ा।
- दोनों ने यह शतक वानखेड़े स्टेडियम में लगाया।
- दोनों की यह सेंचुरी मुंबई इंडियंस की हार में आई।



### आईपीएल में असफल रन चेज में नाबाद रहते हुए हाइएस्ट स्कोर-


- 105* (63) – रोहित शर्मा, एमआई बनाम सीएसके, 2024
- 95* (70) – केएल राहुल, पंजाब बनाम आरआर, 2018
- 94* (55) – नमन ओझा, आरआर बनाम सीएसके, 2010
- 92* (62) – विराट कोहली, आरसीबी बनाम एमआई, 2018
- 89* (44) – डेविड मिलर, पंजाब बनाम एसआरएच, 2015

आईपीएल के इतिहास में रोहित शर्मा का यह असफल रन चेज में नाबाद रहते हुए सर्वश्रेष्ठ स्कोर है। वहीं आईपीएल के इतिहास में ऐसा पहली बार हुआ है जब कोई बल्लेबाज ने असफल रनचेज में शतक जड़ने के बाद नाबाद रहा हो।



# पैसों के लिए फिल्में नहीं करना चाहते हैं विक्रांत मैसी

'12वीं फेल' के अभिनेता विक्रांत मैसी अपने सिद्धांतों को लेकर खुलकर बोले हैं। वह खुद को एक आम इंसान की तरह देखना चाहते हैं। अभिनेता की आगामी फिल्म 'द साबरमती रिपोर्ट' है, जिसमें वो मुख्य भूमिका निभाते हुए नजर आएंगे। अभिनेता विक्रांत मैसी अपनी फिल्म '12वीं फेल' को लेकर काफी चर्चा में रहे। समीक्षकों ने भी इस फिल्म की खूब प्रशंसा की। इससे पहले अभिनेता ने 'मिर्जापुर' सीरिज में अपने अभिनय से दर्शकों का ध्यान खींचा था। विक्रांत ने अपने करियर की शुरुआत टीवी से की थी, जिसके बाद उन्होंने फिल्मों की ओर अपना रुख किया। हाल ही में एक साक्षात्कार में अपने सिद्धांतों को लेकर अभिनेता ने विचार साझा किए हैं। एक साक्षात्कार में '12वीं फेल' के अभिनेता ने अपने जीवन में सफलता प्राप्त करने और सत्यनिष्ठा बनाए रखने को लेकर बातचीत की। वह खुद को एक आम इंसान की तरह ही देखना चाहते हैं और इंडस्ट्री से मिले लाभ का दुरुपयोग नहीं करना चाहते। उन्होंने कहा, 'सफलता पाने का एक ही तरीका है कि आप ईमानदार रहे और कठिन परिश्रम करें'।



# जान्हवी की उलझ 5 जुलाई को होगी प्रदर्शित

जान्हवी कपूर इन दिनों जूनियर एनटीआर के साथ अपनी फिल्म देवरा और राजकुमार राव के साथ फिल्म मिस्टर एंड मिसेज माही' को लेकर सुर्खियां बटोर रही हैं। अब जान्हवी की एक और फिल्म उलझ से जुड़ीं कुछ जानकारियां सामने आई हैं।

रिपोर्ट के मुताबिक इसकी शूटिंग बीते साल सितंबर में पूरी हुई थी और निर्माताओं ने इसकी रिलीज डेट 5 जुलाई तय की है। अब जल्द ही इसकी आधिकारिक घोषणा होगी। फिल्म के पोस्ट प्रोडक्शन का काम लगभग खत्म हो गया है। फिल्म की पूरी टीम भारतीय दर्शकों के बीच एक नई शैली पेश करने के लिए बेहद उत्साहित है। फिल्म में जान्हवी को गुलशन देवैया और रोशन मैथ्यू का साथ मिला है।

यह देशभक्ति पर आधारित होगी। इसमें जान्हवी एक ढ्ढस्स्न्र- अधिकारी की भूमिका निभा रही हैं। इसकी ज्यादातर शूटिंग लंदन में हुई है। कुछ समय पहले फिल्म से जान्हवी की पहली झलक सामने आई थी। नेशनल अवार्ड विनर सुधांशु सरिया के निर्देशन में बन रही उलझ को लेकर जान्हवी भी बेहद उत्साहित हैं। जान्हवी ने कहा था कि मैंने इस अनुभव के माध्यम से बहुत कुछ सीखा है।



# दिलजीत दोसांझ ने करीना की बेयोंसे और रिहाना से की थी तुलना

### एक्ट्रेस ने दिया ये रिएक्शन

फिल्म क्रू ने सिनेमाघरों में रिलीज होते ही लोगों पर अपना जादू चलाना शुरू कर दिया। फिल्म को लेकर पॉजिटिव वर्ड ऑफ माउथ की वजह से बॉक्स ऑफिस इसने जबरदस्त कमाई अपने नाम की और दुनिया भर ने हिट फिल्मों की लिस्ट में शुमार हो गई। क्रू ने रिलीज के कई दिनों बाद, बॉक्स ऑफिस पर अपनी मजबूती बनाए रखी है। ऐसे में अभी भी दर्शक फ़िल्म के उत्साह में डूबे हुए हैं। इन सब के बीच, बता दें कि दिलजीत दोसांझ ने मुंबई में हुए अपने एक कॉन्सर्ट के दौरान करीना कपूर खान के लिए फ़िल्म का गाना नैना गाया, और इस पर सभी झूमने पर मजबूर हो गए। मुंबई को रॉक करते हुए दिलजीत दोसांझ ने कॉन्सर्ट के दौरान अपनी क्रू को-स्टार करीना कपूर खान को एक शूटआउट दिया। इतना ही नहीं दिलजीत ने करीना की तुलना इस दौरान बेयोंसे और रिहाना से भी की।



## संक्षिप्त समाचार

### खरगे से मिले संजय सिंह; कई मुद्दों पर की चर्चा



**नई दिल्ली, एजेंसी।** आम आदमी पार्टी (आप) के राज्यसभा सांसद संजय सिंह ने रविवार को कांग्रेस के राष्टीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे से उनके घर जाकर मुलाकात की। इस दौरान दोनों नेताओं ने विपक्षी दलों के खिलाफ केंद्रीय जांच एजेंसियों के दुरुपयोग और जेल में बंद अरविंद केजरीवाल के साथ व्यवहार को लेकर चर्चा की। आप नेता ने बताया कि उन्होंने कांग्रेस नेता को लोकसभा चुनाव से पहले इंडिया ब्लॉक द्वारा एक कॉमन मिनिमम प्रोग्राम को अपनाए जाने का प्रस्ताव दिया है। दिल्ली के कथित शराब घोटाला केस में सुप्रीम कोर्ट से जमानत मिलने के बाद तीन अप्रैल को सिंह को दिल्ली की तिहाड़ जेल से रिहा किया गया था। केजरीवाल और पूर्व डिप्टी मनीष सिसौदिया को भी इसी मामले में गिरफ्तार किया गया है और दोनों फिलहाल तिहाड़ जेल में बंद हैं। सुप्रीम कोर्ट सोमवार को केजरीवाल की याचिका पर सुनवाई करेगा। बैठक खत्म होने के बाद सिंह ने कहा कि खड़गे विपक्ष के नेता हैं और सांसदों को अपने घर आने के लिए प्रोत्साहित करते हैं। आप नेता ने कहा, जेल से बाहर आने के बाद, मुझे उनसे मिलना था और आगामी संघर्ष को लेकर उनका आशीर्वाद लेना था। हमने इंडिया ब्लॉक का कॉमन मिनमम प्रोग्राम जारी करने को लेकर प्रस्ताव भी पेश किया। उन्होंने कहा कि उनकी पार्टी का सुझाव है कि लोगों को उन मुख्य मुद्दों के बारे में पता होना चाहिए जो लोकसभा चुनाव के बाद इंडिया ब्लॉक की सरकार बनने पर प्राथमिकता में रहेंगे। सिंह ने कहा, हमें यह भी बताना चाहिए कि इन वादों को समयबद्ध तरीके से कैसे पूरा किया जाएगा। सिंह ने रिपोर्टर्स से कहा, 'मैंने उन्हें यह भी बताया कि जेल में केजरीवाल के साथ कैसा व्यवहार किया जा रहा है और उनके अधिकार कैसे छीने जा रहे हैं। मैंने उनके सामने एक प्रस्ताव रखा कि 'इंडिया' गठबंधन का चुनाव में जनता के समक्ष रखने के लिए एक कॉमन मिनिमम प्रोग्राम होना चाहिए।' संजय सिंह ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर खरगे से मुलाकात की तस्वीर साझा करते हुए एक पोस्ट में कहा, 'कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष माननीय मल्लिकार्जुन खरगे जी से उनके आवास पर मुलाकात हुई। 'इंडिया' गठबंधन का संयुक्त घोषणा पत्र जारी करने, जांच एजेंसियों के दुरुपयोग, अरविंद केजरीवाल जी के साथ किए जा रहे अमानवीय व्यवहार, देश में लोकतंत्र व संविधान के लिए पैदा हुए संकट पर विस्तृत चर्चा हुई।

### दिल्ली में सियासी जंग की तस्वीर साफ, भाजपा और इंडिया गठबंधन में सीधी टक्कर

**नई दिल्ली, एजेंसी।** कांग्रेस पार्टी की ओर से रविवार को दिल्ली की तीन सीटों पर प्रत्याशी घोषित कर दिए गए। इस घोषणा के साथ ही दिल्ली के चुनावी मैदान में भाजपा बनाम इंडिया गठबंधन की सीधी टक्कर तय हो गई है। दिल्ली में भाजपा के सामने चार सीटों (पूर्वी, दक्षिणी, पश्चिमी और नई दिल्ली) पर आम आदमी पार्टी के प्रत्याशी हैं, जबकि तीन सीटों (उत्तर-पूर्वी, चांदनी चौक और उत्तर-पश्चिम) पर उनका मुकाबला कांग्रेस उम्मीदवारों से होगा। जानकारी के अनुसार, भाजपा की ओर से दिल्ली के लोकसभा चुनाव में छह सांसदों का टिकट काटकर उनकी जगह नए चेहरों को मैदान में उतारा है। केवल मनोज तिवारी एक बार फिर उत्तर-पूर्वी दिल्ली से मौका दिया गया है। उत्तर-पूर्वी दिल्ली में मनोज तिवारी को टक्कर देने के लिए कांग्रेस ने कन्हैया कुमार को अपना उम्मीदवार बनाया है। चांदनी चौक की सीट से भाजपा ने कारोबारी नेता प्रवीण खंडेलवाल को उतारा है, वहीं उनसे मुकाबला करने के लिए कांग्रेस ने जयप्रकाश अग्रवाल को मैदान में उतारा है। जय प्रकाश अग्रवाल के अलावा इस सीट से अलका लांबा और संदीप दीक्षित का नाम भी था, लेकिन कांग्रेस ने जेपी अग्रवाल पर भरोसा जताया है। उत्तर-पश्चिम दिल्ली से भाजपा प्रत्याशी के खिलाफ कांग्रेस पार्टी ने उदित राज को उतारा है।

## दिल्ली सहित 15 से ज्यादा राज्यों में बारिश का अलर्ट जारी

# आसमान में काले बादल से मौसम हुआ कूल-कूल

**नई दिल्ली, एजेंसी।**
दो दिनों से राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली समेत आधे भारत में मौसम सुहाना हो रखा है। लोगों को झुलसाती गर्मी से राहत मिली है। रविवार को भी पहाड़ों से लेकर मैदानी इलाकों में तेज हवाओं के साथ कहीं हल्की तो कहीं भारी बारिश हुई। मौसम विभाग के अनुमान के अनुसार, सोमवार को भी आसमान में बादल और दिल्ली सहित कई राज्यों में बारिश को लेकर अलर्ट जारी किया है।

दिल्ली को लेकर ढ्ढस्ठ ने भविष्यवाणी की है कि दिल्ली, एनसीआर के कई स्थानों और आसपास के इलाकों में हल्की से मध्यम बारिश आज हो सकती है। इसके चलते मौसम विभाग की ओर से येलो अलर्ट जारी किया गया है।



### कैसा रहेगा दिल्ली का मौसम

दिल्ली के लोगों को गर्मी से राहत मिली है। जहां अप्रैल महीने की शुरुआत से ही झुलसाती गर्मी ने लोगों को परेशान कर रखा था तो वहीं अब पिछले दो दिनों से लोगों को तपती गर्मी से राहत मिली है। दिल्ली के लोगों के लिए राहत की बात यह है कि अभी उन्हें चिलचिलाती गर्मियों का कुछ दिनों तक सामना नहीं करना पड़ेगा। इस पूरे सप्ताह बीच-बीच में बादलों की आवाजाही, तेज हवा और हल्की वर्षा का क्रम बना रहेगा।

### बिहार के 9 जिलों में बारिश का अलर्ट

बिहार में भी लोगों को गर्मी से राहत मिलेगी। मौसम विभाग के अनुसार, पटना समेत आसपास का मौसम शुष्क बना रहेगा। उत्तर बिहार के मधुबनी, सीतामढ़ी, सुपौल, अररिया, भभुआ, औरंगाबाद, रोहतास, गया व नवादा में मेघ गर्जन के साथ हल्की वर्षा की संभावना है। मौसम विज्ञान केंद्र के अनुसार मौसम में अभी विशेष बदलाव के आसार नहीं है। 20 अप्रैल तक मौसम सामान्य बना रहेगा। पटना सहित दक्षिणी भागों के अधिसंख्य भागों में दोपहर बाद बादलों की आवाजाही बनी रहेगी।

### 15 से ज्यादा राज्यों में बारिश होने की संभावना

मौसम विभाग के अनुसार अगले 24 घंटों में दिल्ली सहित इन 15 से ज्यादा राज्यों में बारिश होने की संभावना है। जिसमें पश्चिमी हिमालय पर हल्की से मध्यम बारिश और बर्फबारी के साथ कुछ स्थानों पर भारी बर्फबारी हो सकती है। वहीं, राजस्थान, हरियाणा के कुछ हिस्सों, दिल्ली, पश्चिम उत्तर प्रदेश और मध्य प्रदेश में हल्की से मध्यम बारिश और गरज के साथ धूल भरी आंधी और छिटपुट ओलावृष्टि हो सकती है। ढ्ढस्ठ ने बिहार के अलावा इन राज्यों को लेकर भी बारिश की संभावना जताई है। मराठवाड़ा, विदर्भ, ओडिशा, झारखंड और जेनेटिक पश्चिम बंगाल में गरज के साथ कुछ मध्यम बारिश और अलग-अलग जगहों पर ओलावृष्टि हो सकती है। इसके अलावा, सिक्किम, असम, अरुणाचल प्रदेश, केरल, तमिलनाडु और कर्नाटक में गरज के साथ कुछ मध्यम बारिश के साथ हल्की बारिश संभव है।

# किरायेदार को लगा झटका, हाईकोर्ट ने मकान मालिक के हक में सुनाया फैसला



**नई दिल्ली, एजेंसी।** दिल्ली हाईकोर्ट ने कहा है कि किसी व्यक्ति को केवल बुढ़ापे और खराब स्वास्थ्य के आधार पर आजीविका और सम्मान के साथ जीने के अधिकार से वंचित नहीं किया जा सकता है। इसके साथ ही अदालत ने एक संपत्ति में रह रहे किरायेदार को बेदखल करने का आदेश बरकरार रखा। मकान मालिक ने अपना व्यवसाय चलाने के लिए किरायेदार को बेदखल करने का अनुरोध किया था।

हाईकोर्ट ने संबंधित मामले की सुनवाई करते हुए किरायेदार की इस दलील को खारिज कर दिया कि मकान मालिक की वृद्धावस्था और स्वास्थ्य को देखते हुए यह विश्वास करने योग्य नहीं है कि वह उस परिसर से कोई व्यवसाय करेगा, जिसे खाली करने की मांग की गई थी। अदालत ने अतिरिक्त किराया नियंत्रक (एआरसी) के उस आदेश को चुनौती देने वाली किरायेदार की याचिका खारिज कर दी, जिसमें बेदखली का आदेश पारित किया था। जस्टिस गिरीश कथपालिया ने एआरसी के आदेश को बरकरार रखते हुए फैसला दिया, ''मकान मालिक द्वारा निर्धारित आवश्यकता की प्रामाणिकता को ऐसे संदेह के अनुमानित तर्कों से खारिज नहीं किया जा सकता। केवल इसलिए कि मकान मालिक बुजुर्ग है और उसका स्वास्थ्य खराब है, यह नहीं माना जा सकता कि उसे अपना व्यवसाय चलाने के लिए किराये के कब्जे वाले परिसर की आवश्यकता नहीं है या आजीविका कमाने में सक्षम नहीं है।''

अदालत ने कहा कि रिकॉर्ड में ऐसा कुछ भी नहीं है, जिससे यह पता चले कि मकान मालिक बिस्तर पर था या स्वतंत्र व्यवसाय में लगा उसका बेटा उसकी आर्थिक देखभाल कर रहा था। बेंच ने कहा, ''केवल बुजुर्गावस्था और खराब स्वास्थ्य के कारण, किसी व्यक्ति को आजीविका के अधिकार और उसके परिणामस्वरूप सम्मान के साथ जीने के अधिकार से वंचित नहीं किया जा सकता है।'' पहाड़गंज इलाके में एक दुकान का मालिक होने का दावा करने वाले मकान मालिक ने निचली अदालत में याचिका दायर कर किरायेदार को इस आधार पर बेदखल करने की मांग की थी कि अब उसे अपना व्यवसाय चलाने के लिए परिसर की आवश्यकता है।

# चुनाव के दौरान चार्टर्ड विमानों, हेलिकॉप्टरों की बढ़ी मांग



### ● घंटे के हिसाब से ले रहे पैसे

**नईदिल्ली, एजेंसी।** लोकसभा चुनाव को लेकर राजनेताओं और राजनीतिक दल के प्रतिनिधियों का देश भर में दौरा जारी है। इस बीच चार्टर्ड विमानों और हेलीकॉप्टरों की मांगों में उछाल आया है। यह 40 प्रतिशत तक बढ़ गई है। चार्टर्ड सेवा प्रदाताओं ने प्रति घंटे दरें भी बढ़ा दी हैं। एक चार्टर्ड विमान के लिए 4.5-5.25 लाख रुपये और हेलीकॉप्टर के लिए 1.5-3.5 लाख रुपये लिए जा रहे हैं। पिछले चुनावी वर्षों की तुलना में मांग अधिक है। मांग के हिसाब से निजी विमान और हेलीकाप्टर कम संख्या में उपलब्ध हैं। रोटरी विंग सोसाइटी ऑफ इंडिया के अध्यक्ष (पश्चिमी क्षेत्र) कैप्टन उदय गेली ने बताया कि हेलीकाप्टरों की मांग सामान्य दिनों की तुलना में 25 प्रतिशत तक अधिक है। राजनीतिक दल आम तौर पर हेलीकॉप्टर का उपयोग करते हैं।

### सिंगल से लेकर डबल इंजन के हेलीकॉप्टरों की मांग

उत्तर प्रदेश, पश्चिम बंगाल, तमिलनाडु और आंध्र प्रदेश जैसे बड़े राज्यों में हेलीकॉप्टरों का उपयोग अधिक देखा जा रहा है। वहीं, बिजनेस एयरक्राफ्ट ऑपरेटर्स एसोसिएशन के प्रबंध निदेशक कैप्टन आर के बाली ने कहा कि चुनाव के समय, एक इंजन वाले हेलीकॉप्टरों के लिए दर 1.5 लाख रुपये तक और दोहरे इंजन वाले हेलीकॉप्टरों के लिए 3.5 लाख रुपये तक होती है। एक इंजन वाले हेलीकॉप्टर में पायलट सहित सात, जबकि दो इंजन वाले में 12 लोगों के बैठने की क्षमता होती है।



# रिपोर्ट में खुलासा:पाकिस्तान में 11 लोगों की हत्या के पीछे बलूच विद्रोहियों का हाथ

**इस्लामाबाद एजेंसी।** बलूच उग्रवादियों ने पाकिस्तान के बलूचिस्तान प्रांत में अलग-अलग हमलों में 11 लोगों की हत्या की जिम्मेदारी ली है। मीडिया की एक खबर से यह जानकारी मिली। पंजाब प्रांत के रहने वाले नौ युवकों को शनिवार को बलूचिस्तान प्रांत के नोशकी इलाके में बंदूकधारियों ने एक बस से जबरन उतार दिया और उनकी पंजाबी जातीयता की पुष्टि करने के बाद उन्हें अगवा कर लिया। बाद में बंदूकधारियों ने उनकी हत्या कर दी और उनके शवों को पास के एक पुल के नीचे फेंक दिया।

एक अलग घटना में, उसी राजमार्ग पर दो लोगों की मौत हो गई जब बंदूकधारियों ने उनकी कार पर गोलीबारी की। 'डॉन अखबार की खबर के अनुसार, प्रतिबंधित बलूचिस्तान लिबरेशन आर्मी ने हत्याओं की जिम्मेदारी ली है। खबर के मुताबिक, पंजाब के नौ लोग ईरान जा रहे थे, जहां से वे तुर्किये के रास्ते यूरोप में प्रवेश करने वाले थे। सरकार ने उग्रवादियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करने की बात कही है। बलूच राष्ट्रवादी अक्सर पंजाब के लोगों के खिलाफ हिंसा की ऐसी वारदातों को अंजाम देते रहते हैं। उनका आरोप है कि बलूचिस्तान की खनिज संपदा का दोहन करने में पंजाब के लोग शामिल हैं।

# दुनिया के सबसे उम्रदराज जुड़े हुए ट्विन्स का निधन

### डॉक्टरों ने कहा था- 30 साल ही जीवित रहेंगे, 62 की उम्र में आखिरी सांस ली



**पेन्सिलवेनिया एजेंसी।**
अमेरिका के रहने वाले दुनिया के सबसे उम्रदराज जुड़े हुए ट्विन्स लोरी और जॉर्ज का 62 साल की उम्र में निधन हो गया है। अमेरिकी राज्य पेंसिल्वेनिया के लीबेंसपर्गर फ्यूनरल होम ने बताया कि दोनों ने 7 अप्रैल की रात को पेंसिल्वेनिया विश्वविद्यालय के अस्पताल में आखिरी सांस ली। हालांकि, इनकी मौत की वजह अभी सामने नहीं आई है।

गिनीज बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड ने भी सोशल मीडिया पर पोस्ट के जरिए लोरी और जॉर्ज की मौत की पुष्टि की। जीडब्लूआर ने लिखा, हमें उनके निधन के बारे में जानकर दुख हुआ। जॉर्ज एक सफल गायक और लोरी एक बोलिंग चैंपियन थीं।

करियर के बीच परेशानी को आने नहीं दिया

जॉर्ज और लोरी का जन्म 18 सितंबर 1961 को हुआ था। दोनों के स्कल( खोपड़ी) और ब्लड सेल्स आंशिक रूप से जुड़ी हुई थी। दोनों दिमाग का 30 प्रतिशत हिस्सा साझा करते थे। हालांकि, इन सभी चीजों के बावजूद लोरी और जॉर्ज के जेंडर और करियर दोनों अलग-अलग थे। जॉर्ज और लोरी भले ही एक दूसरे से जुड़े हुए थे, लेकिन दोनों ने अपने करियर के बीच इस परेशानी को आने नहीं दिया।

2007 में अपने 50 वें जन्मदिन पर एक इंटरव्यू में लोरी ने कहा था, हमारे जन्म के वक्त डॉक्टर्स ने आशंका जताई थी कि हम 30 साल की उम्र तक ही जीवित रह पाएंगे। लेकिन हमने उन्हें गलत साबित कर दिया। जॉर्ज को स्पाइना बिफिडा नाम की बीमारी थी और वो लोरी से 4 इंच छोटे थे। दोनों ने एक पब्लिक हाई स्कूल से पढ़ाई की थी और साथ में ही कॉलेज पूरा किया था। ऐसे तो लोरी बोलिंग प्लेयर थीं, लेकिन उन्होंने 90 के दशक में कई सालों तक अस्पताल में लॉन्ड्री का काम भी किया।

इसके लिए दोनों को कई बार अपने-अपने शेड्यूल को बदलना पड़ता था। 2007 में जॉर्ज और लोरी अलग-अलग जेंडर वाले दुनिया के पहले जुड़े हुए ट्विन्स भी बने। 24 साल की उम्र से जॉर्ज और लोरी पेंसिल्वेनिया के दो बेडरूम वाले अपार्टमेंट में रहते थे। यहां दोनों अपने-अपने हिसाब से जिंदगी जीते थे। दोनों का रहने का तरीका भी बेहद अलग था। 1997 में जॉर्ज और लोरी पर एक डॉक्यूमेंट्री भी रिलीज हुई थी , जिसमें दोनों ने अपना अनुभव बताया था।

जॉर्ज और लोरी ने कहा था कि वे भले ही शारीरिक तौर पर जुड़े हो लेकिन उनके नहाने तक का शेड्यूल अलग-अलग था। वे शावर के दौरान पर्दे को एक बैरियर के रूप में इस्तेमाल करते थे। इससे जब कोई एक नहाता तो दूसरा पर्दे के उस पार खड़ा रहता था। जॉर्ज और लोरी ने यह भी बताया था कि वे कभी अलग नहीं होना चाहते। उनका मानना था कि वो टूटे नहीं है और इसलिए ठीक किए जाने की भी जरूरत नहीं है।

# अप्सरा के अवतार में नजर आई कंबोडिया में भारत की राजदूत देवयानी

**कंबोडिया, एजेंसी।** कंबोडिया में भारत की राजदूत देवयानी खोब्रागडे अपने नए रूप को लेकर चर्चाओं में हैं। दरअसल कंबोडिया स्थित भारतीय दूतावास ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर देवयानी की तस्वीरें साझा की हैं। इन तस्वीरों में वे पारंपरिक परिधानों को पहने हुए 'खमेर अप्सरा' के रूप में दिख रही हैं। बता दें कि कंबोडिया में सबसे बड़ा पारंपरिक त्योहार 'खमेर नव वर्ष' मनाया जा रहा है। तीन से चार तक चलने वाले इस त्योहार के दौरान कंबोडिया में सार्वजनिक अवकाश होता है। इसे देखते हुए देवयानी खोब्रागडे ने 'खमेर अप्सरा' की वेशभूषा में लोगों को शुभकामनाएं दीं। भारतीय राजदूत देवयानी खोब्रागडे ने कंबोडिया की खमेरी संस्कृति और परंपरा के प्रति गहरा प्रेम जताया है। कंबोडिया स्थित भारतीय दूतावास का कहना है कि इस परंपरा के प्रति सम्मान जताते हुए राजदूत ने खमेर अप्सरा का रूप धरा और लोगों को नए साल की शुभकामनाएं दीं। इसके साथ ही भारतीय दूतावास द्वारा एक्स पर कुछ तस्वीरें भी साझा की गई हैं, जिनमें देवयानी पारंपरिक परिधान पहने हुए नजर आ रही हैं। कंबोडिया में नए साल को खमेर नव वर्ष रूप में मनाया जाता है। तीन दिन तक चलने वाले इस उत्सव के लिए पहले से ही सार्वजनिक अवकाश घोषित किया जाता है।

# अफगानिस्तान और पाकिस्तान में बाढ़, बिजली गिरने से 57 की मौत, 250 से ज्यादा पशुओं की मौत

**इस्लामाबाद, एजेंसी।** जान गंवाने वालों में अफगानिस्तान के 33 और पाकिस्तान के 24 लोग शामिल हैं। पाकिस्तान में सबसे ज्यादा मौत पंजाब प्रांत में दर्ज की गई है। दोनों देशों के मौसम विभाग के अनुसार आने वाले दिनों में भारी बरिश की संभावना बनी हुई है।

अफगानिस्तान और पाकिस्तान में भारी बारिश और बिजली गिरने से 57 लोगों की मौत हो गई है। वहीं, दोनों देशों में हजार से अधिक घर क्षतिग्रस्त हो गए तो 250 से ज्यादा पशुओं की भी मौत होने की खबर है। जान गंवाने वालों में अफगानिस्तान के 33 और पाकिस्तान के 24 लोग शामिल हैं। पाकिस्तान में सबसे ज्यादा मौत पंजाब प्रांत में दर्ज की गई है। दोनों देशों के मौसम विभाग के अनुसार



आने वाले दिनों में भारी बरिश की संभावना बनी हुई है। तालिबान के प्राकृतिक आपदा प्रबंधन मंत्रालय के प्रवक्ता अब्दुल्ला जनान सैक ने बताया कि बाढ़ ने राजधानी काबुल व देश के कई अन्य प्रांतों को प्रभावित किया है। बाढ़ से लगभग 800 हेक्टेयर की फसलें नष्ट हो गई हैं और सड़कें क्षतिग्रस्त हो चुकी हैं। पश्चिमी फराह, हेरात, दक्षिणी जाबुल व कंधार प्रांतों में सबसे अधिक नुकसान हुआ है। मौसम विभाग ने चेतावनी दी है कि आने वाले दिनों में अफगानिस्तान के 34 प्रांतों में से अधिकांश में तेज बारिश हो सकती है।

तालिबान शासित अफगानिस्तान में भारी बारिश के कारण अचानक आयी बाढ़ के कारण तीन दिन में कम से कम 33 लोगों की मौत हो गयी और 27 अन्य घायल हो गए हैं। जबकि 600 से ज्यादा घर बाढ़ में बह गए। मौसम विभाग ने आने वाले दिनों में और भी अधिक तबाही की आशंका जताई है। ऐसा अनुमान है कि अफगानिस्तान के 34 प्रांतों पर प्राकृतिक आपदा का खतरा मंडरा रहा है। प्राकृतिक आपदा प्रबंधन मंत्रालय के लिए तालिबान के प्रवक्ता अब्दुल्ला जनान सैक ने रविवार को बताया कि राजधानी काबुल और कई प्रांतों में अचानक बाढ़ आ गयी है। उन्होंने बताया कि बाढ़ के कारण 600 से अधिक मकान नष्ट या क्षतिग्रस्त हो गए हैं जबकि करीब 200 मवेशियों की मौत हो गयी है। सैक ने बताया कि बाढ़ से 800 हेक्टेयर कृषि भूमि भी नष्ट हो गयी है और 85 किलोमीटर से अधिक की सड़कें क्षतिग्रस्त हो गयी हैं। उन्होंने बताया कि बाढ़ के कारण पश्चिमी फराह, हेरात, दक्षिणी जाबुल और कंधार प्रांतों में सबसे अधिक नुकसान पहुंचा है। मौसम विभाग ने अफगानिस्तान के 34 प्रांतों में से अधिकांश में आने वाले दिनों में और बारिश का अनुमान जताया है।

स्वामी प्रकाशक एवं मुद्रकः- देवेन्द्र मालवीय द्वारा श्री सिंध्दी विनायक प्रिंटर्स 26 बी देशबंधु परिसर प्रेस काम्प्लेक्स झोन 1 एम पी नगर भोपाल म.प्र. से मुद्रित एवं 773 / 19 मेघदूत नगर इंदौर म.प्र. से प्रकाशित सम्पादक डॉ. देवेन्द्र मालवीय

कार्यालय पताः- 435 ऑर्बिट मॉल विजय नगर, इंदौर मध्यप्रदेश मोः- 98276-22204 सभी विवादों का न्यायिक क्षेत्र इंदौर रहेगा।

दैनिक समाचार पत्र में प्रकाशित समस्त सूचनाए, विचार, आलेख विभिन्न समाचार के स्त्रोत एवं संकलन लेखकों के व संकलनकर्ता के स्वंय जिनका संकलन विभिन्न एजेंसियों, के माध्यम से किया गया है, अतः समस्त प्रकार के प्रकाशन हेतु संपादक, प्रकाशक, मुद्रक का प्रत्यक्ष या परोक्ष रूप से सहमत होना अनिवार्य नही है।